हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस



योगीराज में STF के एडीजी अमिताभ यश का यशगान यूँ ही नहीं होता 3

वर्ष : 11 अंक : 263 देहरादून, शुक्रवार, 14 अप्रैल, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08

# बीस सूत्रीय कार्यक्रम में टिहरी गढ़वाल अव्वल

## CDO मनीष कुमार ने गिनाई उपलब्धियां








**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

टिहरी गढ़वाल , 14 अप्रैल , मुख्य विकास अधिकारी टिहरी गढ़वाल मनीष कुमार ने बताया कि बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल ने अप्रैल 2022 से फरवरी, 2023 तक 29 मदों में ‘ए‘ श्रेणी प्राप्त कर प्रदेश के 13 जनपदों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में विकास की मार्गदर्शक बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 में गरीबी हटाओ, जन शक्ति, किसान मित्र, श्रमिक कल्याण, खाद्य सुरक्षा, सबके लिए आवास, शुद्ध पेयजल, जन-जन का स्वास्थ्य, सबके लिए शिक्षा, अनुसूचित जाति/जनजाति/अल्पसंख्यक एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण, महिला कल्याण, बाल कल्याण, युवा विकास, बस्ती सुधार, पर्यावरण सुरक्षा एवं वन वृद्धि, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण सड़क, ग्रामीण ऊर्जा, पिछड़ा क्षेत्र विकास तथा ई-शासन में समस्त संबंधित विभागों द्वारा बेहत्तर कार्य किये गये।

उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों तक इन योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं क्रियान्वयन हेतु पर्याप्त मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिससे जनपद के लोगों को इन योजनाओं का पर्याप्त लाभ प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना, रूटीन टीकाकरण, ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय, अनुसूचित जाति परिवारों को आर्थिक सहायता, आई०सी०डी०एस० परियोजना, सॉलिड एण्ड लिक्विड़ वेस्ट मैनेजमेन्ट, लघु उद्यमों की स्थापना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, शुद्ध जमा धनराशि आदि के तहत जिलाधिकारी द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जाती रही है तथा कार्य प्रगति पर निरन्तरता बनाये रखने के चलते बेहत्तर कार्य किये गये और यह उपलब्धि हांसिल की गई।

उन्होंने कहा कि बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद टिहरी ने 29 मदों यथाएन.आर.एल. एम.-नवगठित एवं पुनर्जीवित किये गये स्वयं सहायता समूह, एन.यू.एल.एम. के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूह, एन.आर.एल.एम. रिवाल्विंग फण्ड प्राप्त स्वयं-सहायता समूह, एन.आर.एल.एम. सामुदायिक निवेश फण्ड प्राप्त स्वयं सहायता समूह, कुल सी.आई.एफ. में से आय अर्जित करने वाले स्वयं सहायता समूह, एन.आर.एल.एम.-कुल सी.आई.एफ. महिला स्वयं सहायता समूह में से बैंक क्रेडिट लिंक करने वाले समूह, एन.यू.एल.एम. स्वरोजगार से लाभान्वित लाभार्थी, राजकीय सिंचाई, लघु सिंचाई सिंचन क्षमता सृजन, एन.एफ.एस.ए., एन.एफ.एस.ए.,ए.ए.वाई.- एन.एफ.एस.ए.-प्राथमिक परिवार, एस.एफ.एस.वाई.-टाईड ओवर, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आवास योजना (नगरीय), रूटीन टीकाकरण, ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय, अनुसूचित जाति परिवारों को आर्थिक सहायता, आई.सी.डी.एस.परियोजना (संचयी) कियाशील आंगनबाड़ी (संचयी), सॉलिड एण्ड लिक्विड़ वेस्ट मैनेजमेन्ट(शहरी क्षेत्र)-कचडा एकत्रीकरण/निस्तारण करने वाले वार्ड, वन व सार्वजनिक भूमि पर वृक्षारोपण (क्षे०), वन व सार्वजनिक भूमि पर रोपित पौंध (सं०), बायोगैस संयंत्रों की स्थापना, बिजली मांग के सापेक्ष आपूर्ति, लघु उद्यमों की स्थापना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से लाभान्वित लाभार्थी सूची प्रकाशन, शुद्ध जमा धनराशि (राष्ट्रीय बचत) में ‘ए‘ श्रेणी प्राप्त की है। जबकि 02 मदों में ‘बी‘ श्रेणी तथा 01 मद में ‘सी‘ श्रेणी प्राप्त की है।

# पौड़ी : शादी में जा रहे थे दो दोस्त जंगल की आग में दोनों जिंदा जले

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी 14 अप्रैल : उत्तराखंड में दोस्त की शादी में शामिल होने आये दो युवक जंगल की आग बुझाने के दौरान हादसे का शिकार हो गए। इस दुखद हादसे में दोनों युवकों की जान चली गई। दिल्ली में जॉब करने वाले दोनों दोस्त अपने एक साथी की शादी में शरीक होने के लिए गांव आए हुए थे। इसी दौरान उनके साथ दुखद हादसा हो गया। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। हादसा पौड़ी गढ़वाल के पोखड़ा क्षेत्र में हुआ। जहां जंगल की आग ने दो दोस्तों की जान ले ली। कंडुली गांव के खेतों से सटे जंगल में आग लगी हुई थी। 28 साल का कुलदीप कुमार और 23 साल का महिपाल सिंह आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान वो आग की चपेट में आ गए और दोनों की जान चली गई। कुलदीप कंडुली गांव का रहने वाला था, जबकि महिपाल सिंह सेड़िया खाल में रहता था।




बताया गया कि कुलदीप की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि महिपाल ने हॉस्पिटल जाते समय दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि आग से बचने को एक युवक पेड़ पर भी चढ़ा, लेकिन आग की तेज लपटें उसे लील गईं। कुलदीप और महिपाल दिल्ली में प्राइवेट जॉब करते थे। 13 और 14 अप्रैल को उन्हें अपने दोस्त की शादी में शामिल होना था, लेकिन उससे पहले ही ये दुखद हादसा हो गया। दोनों युवकों की मौत के बाद पीड़ित परिवारों में कोहराम मचा है। गांव वाले गमगीन हैं। क्षेत्रीय विधायक एवं पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने भी घटना पर गहरा शोक जताया। उन्होंने घटना का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी और डीएफओ को तत्काल मामले की जांच करने को कहा। एसडीएम चौबट्टाखाल संदीप कुमार ने कहा कि तहसीलदार को मामले की जांच सौंपी गई है। घटना राजस्व क्षेत्र में घटी, मामले की जांच की जा रही है।

# दून बिजनेस स्कूल में तीन दिवसीय मैनफेस्ट-2023 का शानदार आगाज

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

विकासनगर। दून बिजनेस स्कूल में गुरुवार से तीन दिवसीय मैनफेस्ट-2023 का शानदार आगाज हुआ। समारोह में देश भर के 60 से ज्यादा संस्थानों के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। तीन दिवसीय समारोह के तहत विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही मनोरंजक गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। समारोह का उद्घाटन स्कूल की ट्रस्टी डा. अंजुम अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

उन्होंने कहा इस तरह के आयोजन छात्रों के व्यक्तित्व विकास को बढावा देते हैं। इसके साथ ही उन्हें भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने की सीख मिलती है। निदेशक डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि देश के विभिन्न संस्थानों से आए प्रतिभागी एक दूसरे क्षेत्र की बोली, भाषा और संस्कृति का प्रचार प्रसार भी करते हैं। एक दूसरे की संस्कृति के पहलुओं से परिचित होने का अवसर मिलता है। पहले दिन केस स्टडी प्रतियोगिता के तहत व्यावसायिक संभावनाओं पर लाइव केस में प्रतिभागियों ने व्यावसायिक संभावनाओं के बारे में रोचक तथ्य रखे। इसके साथ ही ब्रांड एड, डेविल्स एडवोकेट, ग्रॉफिटी मैड एड, इंवेर्टीक्स एवं बिजनेस, एचआर फेस्ट, फोटोग्राफी-रील कंपीटिशन, कॉर्पोरेट रोअदीज, सोलो वोकल, सोला डांस समेत 20 प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। इसके साथ ही रोडी डांस और गायन में भी छात्रों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। रात में गीतों और नृत्य का आयोजन किया गया, जिसमें देर रात तक छात्र-छात्राएं थिरकते रहे। दूसरे प्रांतों से आए छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाउंनी और जौनसारी गीतों पर नृत्य किया। समारोह के दूसरे दिन शुक्रवार को (आज) डीजे नाइट का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान डॉ. राजीव भारद्वाज, मोहित अग्रवाल, डॉ. निखिल कुलश्रेष्ठ, आईजी गुलाटी, नव ज्योति सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# आयुक्त गढवाल मण्डल ने ली चारधाम यात्रा तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। आयुक्त गढवाल मण्डल सुशील कुमार ने चारधाम यात्रा तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में स्वर्ण जयंती सभागार नगर निगम सभागार ऋषिकेश में बैठक लेते हुए सम्बन्धित जिलाधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गत बैठक में चारधाम यात्रा को लेकर दिए गए दिशा निर्देशों के अनुपालन में विभाग वार कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को चारधाम यात्रा से पहले कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए । इस दौरान पर्यटन विभाग द्वारा दर्शन टोकन व्यवस्था का अवलोकन कराया गया।



आयुक्त गढवाल मण्डल ने कहा कि चारधाम यात्रा के महत्व को समझते हुए संगठित समन्वयित होकर टीम भावना से कार्य करें। कहा कि विगत वर्ष की चारधाम यात्रा का अनुभव सकारात्मक रहा है इस यात्रा वर्ष अधिक तीर्थ यात्रियों के आने की पूरी संभावना है। उत्तराखण्ड देवभूमि में आनेवाले सभी श्रद्धालुओं को धामों के दर्शन हों इसके लिए व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि पिछले यात्रावर्ष में रिकार्ड 46 लाख तीर्थयात्री चारधाम पहुंचे इस यात्रा वर्ष में इससे भी अधिक तीर्थ यात्रियों के पहुंचने की संभावना है तीर्थयात्रियों की यात्रा सरल सुगम रहे इसलिए यात्रा को रेगुलेट किया जाना जरूरी है, इसके लिए यात्रियों के आनलाइन/आफलाईन पंजीकरण की व्यवस्था को लागू किया गया है। साथ ही जिलाधिकारियों को बदरीनाथ, केदारनाथ तथा गंगोत्री, यमुनोत्री में आवास व्यवस्था,यात्रा मार्गों के सुदृढ़ीकरण, पैदल मार्ग सुरक्षात्मक उपाय, सचिव आपदा प्रबंधन के निर्देशानुसार आपदा के दृष्टिगत सुरक्षात्मक उपाय तथा तैयारियां, चारों धामों हेतु स्वास्थ्य सुविधाओं, केदारनाथ मार्ग पर साफ सफाई, घोड़े खच्चरों का पंजीकरण, स्वास्थ्य परीक्षण, शैल्टर, पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये।

उन्होंने निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा में कानून व्यवस्था चाक-चैबंद रखने, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चिकित्सकों की तैनाती,जीवन रक्षक दवाइयों, उपकरण, आक्सीजन सिलेंडर एंबुलेंस, एअर एंबुलेंस की ब्यवस्था, केदारनाथ एवं यमुनोत्री में कार्डियोलॉजिस्ट तैनाती,यात्रा बस टर्मिनल ऋषिकेश ट्रांजिट केंप में 6 बेड यात्री चिकित्सालय में जल्द स्टाफ की आवश्यक निर्देश दिए।

आयुक्त गढवाल मण्डल ने यात्रा को सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए सम्बन्धित जिलाधिकारियों के साथ ही समस्त सभी विभागों आपसी समन्वय से कार्य करते हुए व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। साथ ही धाम में पंहुचने वाले प्रत्येक व्यक्ति को दर्शन कराया जाए। उन्होंने चारधाम यात्रा मार्गों पर साफ-सफाई, के साथ ही मूलभूत व्यवस्थाओं बनाने के साथ ही पेयजल, शौचालय, पार्किंग, स्वास्थ्य सेवा, दवाई स्टॉक, खाद्य भण्डारण आदि व्यवस्थाएं पूर्व में ही जांच लेने के निर्देश दिए। उन्होंने लोनिवि, एनएचआई, बीआरओ को 15 अप्रैल 2023 तक पूर्ण किये जाने हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में यात्रारूट पर कई स्थानों कार्य पूर्ण न होने की दशा में नाराजगी व्यक्त करते हुए यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व कार्य पूर्ण करने तथा बीआरओ को धरासू बैण्ड के पास यात्रा आवागमन में कठिनाई न हो इसके लिए सडक़ सुव्यवस्थित बनाने, सीरोबगड़ में यात्रा का वैकल्पिक रूट को सुव्यवस्थित बनाने तथा डामटा रूट को ठीक किये जाने के निर्देश दिए।

बैठक में सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं द्वारा यात्रा रूट पर पार्किंग, डेंजर जोनों पर सूचना पट लगाने, मार्ग अवरूद्ध होने मौसम की जानकारी हेतु इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले लगाने, सडक़ो को गड्डा मुक्त करने डामरी करण, शिरोबगड़ से खांकरा पुल तक भू स्खलन की समस्या को देखते हुए वैकल्पिक मार्ग डुंगरी पंथ खेड़ाखाल मार्ग , लामबगड़, धराशू बेंड जैसे स्थानों में सडक़ को दुरुस्त करने हेतु बीआरओ, लोक निर्माण विभाग,एनएचएआई, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण विभाग ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने सम्बन्धित जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों को यात्रा स्थल एवं यात्रा पड़ावों पर भीड़ नियंत्रण के साथ ही बेहतर यातायात प्रबन्धन तथा आपदा के दृष्टिगत कन्ट्रोलरूम के साथ ही आपदा के लिहाज से चिन्हित संवेदनशील क्षेत्र में मशीन, उपकरण आदि व्यवस्थाएं पूर्व में स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होनें निर्देश दिए कि पैदल मार्ग पर घोड़ा खच्चर को रोटेशनवार चलाया जाए घोड़ा एवं खच्चरों का यात्रा से पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही प्रत्येक का पंजीकरण एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करवायें। उन्होंनें यात्रा मार्ग एवं धाम पर पशु चिकित्सक तैनात रखने के निर्देश दिए।

उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद ने यात्री पंजीकरण प्रक्रिया का प्रस्तुतीकरण देते हुए बताया कि अभी तक चारों धामों में साढ़े 13 लाख तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण करवा दिया है। तथा चारों धामों में पर्यटन मित्रों की तैनाती की जा रही है। दर्शन टोकन प्रक्रिया तथा यात्री रजिस्ट्रेशन तथा वैरिफिकेशन की जानकारी दी। पंजीकरण संस्था इथिक्स इंफोटेक ने बताया कि ऋषिकेश, हरिद्वार तथा धामों में वैरिफिकेशन काउंटर बनाये गये है जबकि यात्री रजिस्ट्रेशन वेबसाइट, फोन, वाटसप नंबर से किये जा रहे है। आयुक्त ने निर्देश दिये कि सभी वेरिफिकेशन काउंटर, नेट कनैक्टिविटी, वाई-फाई, मैन पावर, स्केनरों की संख्या, तथा अन्य संशाधन बढाये जाये।

बैठक के पश्चात गढवाल आयुक्त सुशील कुमार एवं जिलाधिकारी देहरादून सोनिका व संबंधित अधिकारी ने ऋषिकेश में नव निर्मित रजिस्ट्रेशन काउंटर तथा ट्रांजिट केंप का निरीक्षण किया तथा ब्रिडकुल को तीन दिन की समय सीमा में ट्रांजिट केंप में सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है कि ट्रांजिट कैंप में यात्रा रजिस्ट्रेशन काउंटर बन कर तैयार हो गये है जहां कार्यदायी संस्था ईथिक्स ने स्टाफ तथा रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक उपकरण लगा दिये है। ट्रांजिट केंप में यात्री शैल्टर, हेल्प डेस्क, सूचना सहायता केंद्र, अस्पताल, डारमेट्री सुविधा, केंटीन, सहित बड़ी संख्या में बसों हेतु पार्किंग का भी निर्माण हुआ है ?।

पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल केएस नगन्याल ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान एसडीआरएफ, गोताखोर,ट्रेफिक पुलिस व्यवस्था, चारों धामों में वाहनो की संख्या निर्धारित करने, ट्रैफिक व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारी नामित किये गये है। बदरीनाथ धाम में डयूटी पर आनेवाले जवानों की व्यवस्था हेतु भी आवास उपलब्ध करवाये जायेंगे।

ज्ञातब्य है कि अक्षय तृतीया 22 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। गंगोत्री- यमुनोत्री धाम के कपाट 22 अप्रैल अक्षय तृतीया के दिन खुलेंगे। जबकि केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल एवं बदरीनाथ धाम के कपाट 27 अप्रैल को खुलेंगे। बताया गया कि हेमकुंट साहिब के 20 मई खुलेंगे।

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल केएस नगन्याल, सहित जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, जिलाधिकारी हरिद्वार विनय शंकर पांडेय, जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग मयूर दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी चमोली डा. ललित नारायण मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी उत्तरकाशी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन देहरादून डॉ एस के बरनवाल, अपर आयुक्त नरेंद्र सिंह क्वीरियाल, अपर जिलाधिकारी पौड़ी ईला गिरी, अपर जिलाधिकारी टिहरी कृष्ण कुमार मिश्र,नगर निगम आयुक्त राहुल गोयल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण देहरादून कमलेश उपाध्याय, उपजिलाधिकारी ऋषिकेश सौरभ असवाल, एसपी उत्तरकाशी अर्पण यदुवंशी, संभागीय परिवहन अधिकारी देहरादून सुनील कुमार, नवनीत सिंह रोटेशन अध्यक्ष संजय शास्त्री, पर्यटन विकास परिषद के सहायक निदेशक योगेन्द्र सिंह गंगवार, तहसीलदार उर्मिला शर्मा, एआरटीओ मोहित कोठारी,एआरटीओ मोहित पांडेय, इथिक्स इंफोटेक के गजेन्द्र सिंह, आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांगजनों हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण कोर्स

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। सहायक निदेशक रोजगार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय जितेन्द्र कुमार ने अवगत कराया कि दिव्यांगों हेतु नेशनल कैरियर सर्विस सेंटर देहरादून दिव्यांग जनों के प्रशिक्षण व रोजगार हेतु भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के रोजगार महानिदेशालय द्वारा 2018 में स्थापित एक ख्याति प्राप्त संस्थान है यह केन्द्र उत्तराखंड के सभी दिव्यांग जनों को रोजगार पंजीकरण, स्वरोजगार, कौशल विकास व व्यवसायिक मार्गदर्शन की सेवाए प्रदान कर उन्हें स्वावलम्बी बनता है।

केन्द्र द्वारा दो ट्रेडो/ व्यवसायों दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क एक वर्षीय प्रशिक्षण कोर्स संचालित किया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान रु 2500/महीना का वजीफा भी ष्ठक्चञ्ज के माध्यम से प्रदान किया जाता है। इस केन्द्र की सेवाएं 15 से 50 आयु तथा 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले सभी दिव्यांगों हेतु उपलब्ध है। इस केन्द्र में प्रवेश हेतु कोई न्यूनतम शैक्षिक योग्यता निर्धारित नहीं है, सेवायें /प्रशिक्षण मूल्याकन उपरांत सेवार्थी की सक्षमता व अभिरुचि पर निर्भर करती है केन्द्र द्वारा निजी क्षेत्र में सेवायोजन हेतु समय समय पर रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है। केन्द्र द्वारा गैर सरकारी/ सरकारी संस्थानों के सहयोग से उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पुनर्वास शिविरों का आयोजन करता रहता है।

इच्छुक दिव्यांगजन अपने आधार लिंक बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो, दिव्यांगता सर्टिफिकेट, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र व जाती प्रमाण पत्र के ओरिजनल व एक सेट फोटो कापी के साथ नेशनल कैरियर सर्विस सेन्टर देहरादून, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय 04 कान्वेंट रोड देहरादून में आकर उपलब्ध सेवाओं के लाभ उठा सकते है।

## शहीदों की बेटियों को निःशुल्क लेपटॉप वितरण किया

देहरादून। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी जी.एस चन्द्र ने अवगत कराया कि अर्थव फांउडेशन के अध्यक्ष सुनील राणे ने शहीदों की बेटियों को शिक्षा के लिए आज निःशुल्क लेपटॉप वितरण किए गए। अर्थव फांउडेशन द्वारा आज कुल 08 शहीदों की पुत्रियों को लैपटॉप वितरित किए गए, जिनमें कु0 ऋष्टि पुत्री शहीद सुरज कुमार बाबूगढ विकासनगर, कु0 सारतिका पुत्री शहीद रोहित गुरूंग मौहब्बेवाला, कु0 मानवी थापा पुत्री शहीद जीत बहादुर थापा बंजारावाला, कु0 अंजनी पुत्री शहीद राजेन्द्र सिंह सैनिक कॉलोनी अंम्बीवाला, कु0 करिश्मा बिष्ट पुत्री शहीद राजेन्द्र सिंह एस.एम गुमानीवाला,कु0 सोनाली पुत्री शहीद गणेश सिंह यमनोत्री एन्कलेव चन्द्रबनी, कु0 कविता पुत्री शहीद रामप्रसाद एस.एस भाववाला, कु0 भावना नेगी पुत्री शहीद रमेश सिंह नन्दा कालोनी रूडक़ी को लैपटॉप वितरित किये गए।

## विदेशी नागरिक का बैग ले उड़ा टप्पेबाज

ऋषिकेश। हरिपुरकला ग्रामसभा में अज्ञात टप्पेबाज ने विदेशी नागरिक का बैग उड़ा लिया। पीड़ित शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पहचान के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी है।

## आज से तीन दिवसीय उत्तराखण्ड भ्रमण पर आ रहे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दिनांक 14 अप्रैल, 2023 से तीन दिन के उत्तराखण्ड भ्रमण पर आ रहे हैं। अपने भ्रमण के दौरान वे राजभवन में भी प्रवास करेंगे। राजभवन में उनके सम्मान में राजकीय भोज का भी आयोजन किया गया है। दिनांक 15 एवं 16 अप्रैल को पूर्व राष्ट्रपति कोविंद, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी के विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे इस दौरान उनके साथ राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) भी मौजूद रहेंगे। अपने भ्रमण के दौरान कोविंद 14 अप्रैल को गढ़ी कैंट, देहरादून में भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडक़र की मूर्ति पर माल्यार्पण करेंगे। इस मूर्ति के साथ उनका विशेष लगाव रहा है। उल्लेखनीय है कि दिसम्बर 2021 में राष्ट्रपति रहते हुए उत्तराखण्ड भ्रमण पर आए रामनाथ कोविंद द्वारा दिल्ली वापसी के दौरान गढ़ी कैंट में लगी भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की इस मूर्ति के छोटा होने की बात अपने परिसहाय से की गयी। इस बात को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल मूर्ति के जीर्णोद्धार के लिए सीईओ कैंट बोर्ड से अनुरोध किया गया। अध्यक्ष कैंट बोर्ड एवं सीईओ कैंट बोर्ड ने मूर्ति के आकार को बढ़ा करने के साथ ही जीर्णोद्धार कर इसे बेहतर स्वरूप दिया। इसके बाद राज्यपाल द्वारा अपने दिल्ली भ्रमण के दौरान उक्त मूर्ति के नये स्वरूप को पूर्व राष्ट्रपति को दिखाया गया जिस पर भावुक हो गए और उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए सभी का धन्यवाद भी किया।

## राज्यपाल ने भारत रत्न डा0 भीम राव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने भारत रत्न डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि सामाजिक न्याय व समतामूलक समाज के प्रबल पक्षधर डा0 अम्बेडकर दलितों, गरीबों और निराश्रित वर्ग के उत्थान के लिए जीवन पर्यन्त समर्पित रहे। उन्होंने समाज के सबसे गरीब और वंचित वर्ग के लाखों लोगों को आशा दी। हमें उनके जीवन दर्शन का अनुसरण करते हुए समतामूलक समाज की स्थापना के लिए संकल्प लेना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माण के प्रयासों हेतु हम उनके सदा आभारी रहेंगे।

## राज्यपाल ने बैसाखी पर्व पर सभी प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बैसाखी पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि बैसाखी का पर्व उमंग, उत्साह व खुशहाली का पर्व है। यह त्यौहार हमें सुख-समृद्धि और एकता का संदेश देता है। बैसाखी का त्यौहार हमारे देश की समृद्धशाली कृषि परम्परा और संस्कृति का परिचायक है। सिख पंथ के गुरु गोविंद सिंह जी ने इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना भी की थी।

# योगीराज में STF के एडीजी अमिताभ यश का यशगान यूँ ही नहीं होता



## डाकू ददुआ और विकास दुबे के लिए चक्रव्यूह रचने वाले IPS अमिताभ यश की कहानी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 14 अप्रैल , इस सुपर कॉप से अपराधी थर्राते हैं , इस रियल लाइफ सिंघम से बड़े-बड़े माफिया कांपते हैं. शायद यही वजह थी कि अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन को डर था कि उसके पति और बेटे का भी एनकाउंटर हो सकता है. इसे लेकर एक पत्र भी शाइस्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखा था. दरअसल, अमिताभ इससे पहले भी उत्तर प्रदेश के कई बड़े मामलों में अपराधियों पर नकेल कस चुके हैं. आज हम आपको इसी धाकड़ आईपीएस अमिताभ यश के बारे में बता रहे हैं।

**बिहार के अमिताभ यश ने दिल्ली के कॉलेज से की पढ़ाई**

अमिताभ यश बिहार के भोजपुर के रहने वाले हैं. देशप्रेम का जज्बा उनके खून हैं. उनके पिता राम यश सिंह भी आईपीएस अधिकारी थे. अमिताभ यश 1996 बैच के आईपीएस अफसर हैं. इन्हें एनकाउंटर स्पेशलिस्ट भी कहा जाता है. इन्होंने पढ़ाई दिल्ली के सेंट स्टीफन कॉलेज से की है. इसके बाद यूपीएससी की परीक्षा पास कर आईपीएस बन गए. अमिताभ यश का पहला जिला बतौर कप्तान संतकबीरनगर रहा.

**ददुआ डकैत को किया ढेर**

अमिताभ यश लगभग 11 महीने संतकबीरनगर में सेवाएं देने के बाद कई जिलों में बतौर एसपी और एसएसपी तैनात रहे. साल 2007 में वह तक लाइम लाइट में आए जब उन्होंने बुंदेलखंड के जंगलों में डकैत ददुआ के खिलाफ अभियान छेड़ा और उसे ढेर कर दिया. अमिताभ 2007 में मायावती सरकार में एसटीएफ के एसएसपी बने, तो उन्होंने बुंदेलखंड के जंगलों में डकैत ददुआ के खिलाफ अभियान छे दिया था. वह तब तक शांत नहीं बैठे, जब तक उन्होंने इस पूरे गैंग का ढेर नहीं कर दिया. अभिताभ यश की टीम ने डकैत ठोकिया को भी ढेर कर दिया था. इनके रहते हुए ही चित्रकूट के जंगलों से डकैतों का सफाया हो गया.

**150 से ज्यादा बदमाशों को किया ढेर**

यूपी में चाहे किसी भी पार्टी की सरकार रही हो, अमिताभ यश ने अपनी कार्यशैली में शायद ही कोई बदलाव किया हो. योगी आदित्यनाथ की सरकार जब सत्ता में आई, तो अमिताभ यश एसटीएफ के आईजी बने. इसके बाद जनवरी 2021 में उन्हें एसटीएफ का एडीजी बनाया गया. बताया जाता है कि अमिताभ यश ने अब तक 150 से ज्यादा बदमाशों को ढेर किया है. उन्होंने यूपी में मुख्तार और अतीक गैंग के शूटरों को ढेर किया है. कानपुर के बदमाश विकास दुबे और उसका गैंग भी अमिताभ यश की टीम के हाथों से ही ढेर हुआ था. इसीलिए अतीक अहमद ने यूपी की जेल से ट्रांसफर करा लिया था. अतीक को डर था कि यूपी में उसका एनकाउंटर कर दिया जाएगा. जब पिछले दिनों अतीक को कोर्ट में पेशी के लिए यूपी कोर्ट लाया जा रहा था, तब उन्होंने मीडिया से कहा था कि उसका एनकाउंटर होने वाला है.





# जवाहर नवोदय विद्यालय का वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




विकासनगर। जवाहर नवोदय विद्यालय शंकरपुर का वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। छात्र छात्राओं की रंगारंग गीत-नृत्यों की प्रस्तुतियों पर दर्शक नाचने को मजबूर हो उठे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासनगर के विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ अपने रीति-रिवाजों व परंपराओं को भी कायम रखना चाहिए। जवाहर नवोदय विद्यालय शंकरपुर के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि जो समाज अपनी रीति-रिवाज व परंपराओं को भूल जाता है, वह समाज आगे नहीं बढ़ सकता है। इस मौके पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हिंदी, पंजाबी, राजस्थानी, गुजराती, गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसारी गीतों पर नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। छात्र- छात्राओं की प्रस्तुतियों पर दर्शक मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे। इस मौके पर प्रधानाचार्य अंजुला टम्टा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट को विस्तार से बताते हुए कहा कि बीते शिक्षा सत्र में सात छात्र-छात्राओं ने शत-प्रतिशत अंक हासिल किये। कला, साहित, विज्ञान के क्षेत्र में बीस छात्र छात्राओं ने क्षेत्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियां हासिल कीं। बताया कि छात्र मास्टर अनूप कृश्वान ने एक भारत श्रेष्ठ कार्यक्रम में अंतर अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित युवा लेखक प्रतियोगिता में देश के शीर्ष युवा लेखक के रूप में चयनित होकर तीन लाख रुपये की छात्रवृत्ति हासिल की। उत्तराखंड सरकार की ओर से आयोजित खेल कुंभ में विभिन्न खेलों में छात्र छात्राओं ने अलग अलग वर्गों में नौ स्वर्ण, आठ रजत व छह कांस्य पदक सहित कुल 23 पदक जीत का स्कूल का नाम रोशन किया। नवीं के छात्र अक्की की पेंटिंग राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में परिक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में प्रदर्शित की गयी। मुख्य अतिथि विधायक मुन्नासिंह चौहान ने कार्यक्रम के समापन के अवसर पर छात्र-छात्राओं के पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर नवोदय विद्यालय समिति की पूर्व उपायुक्त बीना डंगवाल सहित अभिभावक व शिक्षक शिक्षिकायें मौजूद रहे।

# सेलाकुई मे आधे घंटे तक लगा रहा दो किमी से भी अधिक लंबा जाम

विकासनगर। सेलाकुई बाजार में गुरुवार दोपहर ठीक बारह बजे अचानक जाम लग गया। देखते ही देखते जाम में सैकड़ों वाहन फंस गये। राजावाला रोड से लेकर रामपुर पुल तक करीब दो किमी से अधिक लंबा जाम आधे घंटे तक लगा रहा। गर्मी के मौसम में आधे घंटे तक लगे जाम में फंसे लोग पसीने से तर बतर हो गये। इस दौरान आने जाने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शहीद सत्येंद्र चौक के पास भारी वाहनों के बीच सडक़ पर बैक होने में फंसने के दौरान बाजार में जाम लग गया। बाजार में हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। राजावाला रोड से लेकर रामपुर पुल तक आधे घंटे के लिए वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप रही। जिसके चलते हिमाचल, यूपी, हरियाणा, चंडीगढ, विकासनगर, जौनसार बावर को जाने वाले वाहनों के पहिये थमें रहे। यात्री गर्मी के चलते जाम में पसीने-पसीने हो गये। लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। करीब आधे घंटे के बाद वाहनों का जाम से निकलने का दौर शुरू हो पाया। इस दौरान जाम में फंसे लोगों से लेकर पैदल आवाजाही करने वाले लोग भी परेशान रहे। सेलाकुई बाजार में आये दिन सुबह से लेकर देर शाम तक जाम लगे रहने के कारण लोग परेशान हैं। अब जबकि यात्रा सीजन शुरू होने को है ऐसे में सेलाकुई हाईवे स्थित बाजार में जाम की समस्या लोगों के लिए जी का जंजाल बनती जा रही है। स्थानीय लोगों व्यापार मंडल अध्यक्ष चैतन्य अनिल गौड, राज गंगसारी, शूरवीर सिंह चौहान आदि का कहना है कि पुलिस प्रशासन को जाम से निजात दिलाने के लिए कंपनियों के भारी वाहनों की दिन में हाईवे पर आवाजाही को लेकर पूर्व की जैसी व्यवस्था करनी चाहिए। जिससे लोगों को खासकर यात्रा सीजन में जाम की समस्या का सामना न करना पडे। थानाध्यक्ष मोहन सिंह का कहना है कि कंपनी प्रबंधन से वार्ता कर भारी वाहनों की आवाजाही के लिए समय निर्धारित किया जायेगा।

# दहेज उत्पीडन में पति व ससुर सहित दस लोगों पर मुकदमा दर्ज

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला ने अपने पति, ससुर सहित दस लोगों पर दहेज उत्पीडन, मारपीट, जान से मारने की धमकी व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सहसपुर क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी कुछ वर्ष पूर्व जुनैत पुत्र अब्दुल वहीद निवासी हुकूमतपुर शंकरपुर से हुई थी। शादी के बाद से ही पति जुनैद, ससुर अब्दुल वहीद, आमना, जुबैर, उमेर, जैद, आरजू पत्नी जुबैर, फातिमा, पत्नी कलहा, खतीजा पत्नी कलीम सभी निवासी हुकूमतपुर शंकरपुर शादी के बाद से ही दहेज के लिए उसके साथ मारपीट करते हैं। कहा कि आरोपी गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हैं। कहा कि आरोपी उसका मानसिक उत्पीडन करते हैं। बताया कि आरोपियों ने दहेज के लिए उसे घर से निकाल दिया है। बताया कि पुलिस हेल्प लाइन में भी समझौते का प्रयास किया। लेकिन आरोपी नहीं माने। थानाध्यक्ष सहसपुर गिरीश नेगी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच महिला एसआई रश्मि रावत को सौंपी गयी है।

# बोराड और छरबा क्षेत्र में गुलदार की दस्तक से दहशत

विकासनगर। चकराता वन प्रभाग अन्तर्गत देवघार रेंज के बोराड छानी व विकासनगर तहसील क्षेत्र के छरबा में गुलदार की आने से क्षेत्रवासियों में दहशत है। गुलदार लगातार क्षेत्र के गांवों में चक्कर काट रहा है। जिससे लोगों में दहशत बनी है। स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलादार को पकडक़र सुरक्षित क्षेत्र में भेजने की मांग की है। बुधवार रात के समय सगरेड वीट के खत वन क्षेत्र बोराड़ छानी के समीप गुलदार देखा गया। इसके चलते गुलदार का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में पोस्ट कर लोगों को सचेत किया जा रहा है। कुणा बोराड निवासी जयपाल सिंह पंवार, मोहरसिह राणा, अमित कुमार, नंद किशोर ने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व भी गुलदार ने इस क्षेत्र मे आंतक मचा कर आठ पशुओं को निवाला बनाया था। इस बार फिर गुलदार की चहल कदमी से पशुपालक सहमे हुए हैं। बोराड, डोवरा छानी, बागी, कुणा, मैंदरथ, दारमीगाड, बृनाड, बास्तिल, कोटी आदि गांव आसपास होने के कारण पशुओ के सुरक्षा की चिन्ता सताये जा रही है। उधर, विकासनगर तहसील क्षेत्र के छरबा व उसके आसपास के गांवों में भी गुलदार लगातार दस्तक दे रहा है। बुधवार को छरबा गांव में गुलदार को लोगों के घर के पास घूमता हुए दिखाई दिया है। जिससे क्षेत्र के लोगों में गुलदार की दहशत बनी हुई है।

# आकांक्षा बिटिया ने रौशन किया उत्तराखंड का नाम : धस्माना

## देहरादून की आकांक्षा को बधाई देने पहुंचे धस्माना व राजकुमार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून, 14 अप्रैल, उत्तराखंड की मेधावी बिटिया कैंट निवासी नरेन्द्र गुप्ता की बेटी आकांक्षा को बधाई जिसने हाल ही में घोषित उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन की पीसीएस परीक्षा में चौथा रैंक हासिल किया और देवभूमि का नाम एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में उज्जवल किया है। देहरादून की बेटी की इस उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाएं देने उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना व राजपुर के पूर्व विधायक राजकुमार उनके निवास पहुंचे धस्माना ने आकांक्षा को एक पौधा भेंट कर मिठाई खिलाई व प्रियंका धस्माना ने व पूर्व विधायक राजकुमार ने आकांक्षा को पुष्प गुच्छ दे कर बधाई व शुभकामनाएं दीं।

सूर्यकान्त धस्माना ने आकांक्षा की सफलता को उत्तराखंड को गौरवांवित करने वाला क्षण बताते हुए कहा कि देश के सबसे बड़े व दुनिया के छठे नंबर के प्रशाशनिक तंत्र वाले उत्तरप्रदेश की प्रशाशनिक सेवाओं के लिए चौथी रैंक हासिल करना वाताव में एक बड़ी उपलब्धि है जिसके लिए आकांक्षा की जी तोड़ मेहनत उनके ऊपर माता पिता व परिवार के सभी बड़ों का आशीर्वाद व उनके ऊपर विशेष ईश्वरीय कृपा है। उन्होंने कहा का कि जब किसी को बड़ी सफलता मिलती है तो उस व्यक्ति से अपेक्षाएं भी बढ़ जाती हैं इसलिए अब नई चुनौती सबकी अपेक्षाओं पर खरा उतर कर एक उदाहरण बनना है।

वरिष्ठ समाजसेवी और कांग्रेस लीडर धस्माना से जब आकांक्षा ने पूछा कि जीवन के लिए कोई मूल मंत्र बताइए तो धस्माना ने कहा कि वे हमेशा यह याद रखें कि ईमानदारी व मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता यही मंत्र दुनिया में बड़ी से बड़ी कठिनाई से पार करा सकता है। धस्माना के साथ उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर प्रियंका धस्माना, पूर्व विधायक राजकुमार के अलावा अनुजदत्त शर्मा, प्रवीण कश्यप, प्रियांश छाबड़ा ने भी आकांक्षा को शुभकामनाएं दी हैं।

# सीएम ने रिलीज़ किया गायक भूपेन्द्र बसेड़ा का गीत "नकर-नकर भ्रष्टाचार, सख्त हैरे यो सरकार"

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून, 14 अप्रैल, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जन जागरूकता फैलाये जाने हेतु तैयार किये गये वीडियोगीत ''नकर-नकर भ्रष्टाचार, सख्त हैरे यो सरकार'' गीत का विमोचन किया।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस गीत के माध्यम से सरकार द्वारा सुशासन की दिशा में किये जा रहे कार्यों को दिखाने का शानदार प्रयास किया गया है। सरकार द्वारा भ्रष्टाचारियों पर की जा रही कारवाई के प्रति जन जागरूकता फैलाने का अच्छा प्रयास गीत के माध्यम से किया गया है।

इस गीत में सरकार द्वारा भ्रष्टाचार और नकल के विरूद्ध अपनाये जा रहे सख्त रूख एवं जीरो टॉलरेंस की नीति को प्रदर्शित किया गया है। यह गीत गीतकार एवं गायक भूपेन्द्र बसेड़ा द्वारा क्षेत्रीय मिश्रित भाषा का उपयोग कर तैयार किया गया है। इस वीडियो गीत में मुख्य किरदार ओम तरोनी तथा उर्वशी शाह द्वारा भूमिका निभायी गयी है तथा संगीत विक्की जुयाल द्वारा दिया गया है। इस अवसर पर विधायक मोहन सिंह मेहरा, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम्, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, एमडी पिटकुल पी0सी0 ध्यानी, ललित जोशी, राजेन्द्र चौधरी, देवेन्द्र बिष्ट आदि उपस्थित थे।

# उत्तर प्रदेश में एक दिन में कोरोना के 446 नए मरीज मिले

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



यूपी 14 अप्रैल : यूपी में कोविड के 446 नए मरीज मिले हैं, जबकि 149 ठीक हुए हैं। अब कोविड के मरीजों की कुल संख्या 1791 हो गई है। लेकिन अच्छी बात यह है कि अभी भी संक्रमण की दर 1.63 फीसदी बरकरार है।

उधर, गंभीर हालत में रायबरेली के जिला अस्पताल में भर्ती कराई गई कोरोना संक्रमित वृद्धा ने दम तोड़ दिया। जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डीएस अस्थाना ने बताया कि अमेठी के पंडित का पुरवा निवासी 60 वर्षीय वृद्धा को देर रात गंभीर हालत में इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। उन्हें सांस लेने में दिक्कत थी और ऑक्सीजन लेवल भी कम था। जांच में कोरोना की पुष्टि हुई थी। प्रदेश में नए मिले मरीजों में लखनऊ में 97, गौतमबुद्धनगर में 69, गाजियाबाद में 50, वाराणसी में 11, आगरा में 14, प्रयागराज में 17, मेरठ में 18, बुलंदशहर में 12, झांसी में 10, बिजनौर में 16 मरीज मिले हैं। अन्य जिलों में 10 से कम मरीज मिले हैं।

# रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ स्याल्दे-बिखोती मेले का शुभारंभ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा। द्वाराहाट में ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्याल्दे-बिखोती मेले का गुरुवार को विमाण्डेश्वर मंदिर में रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ हुआ। विधायक मदन सिंह बिष्ट ने दीप जलाकर बिखोती मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराते हैं।

इनको आगे बढ़ाने के साथ संवर्धन के लिए सामुहिक रूप से कार्य करना होगा। विधायक ने विमाण्डेश्वर में स्थित शवदाह स्थल में पांच लोहे के बैड एवं लकड़ी का स्टाल बनाने की घोषणा की। ब्लॉक प्रमुख दीपक किरौला ने भी हरसंभव मदद का भरोसा दिया। इससे पूर्व मेला समिति अध्यक्ष रमेश पुजारी ने अतिथियों का स्वागत किया। बिखोती मेले की शुरुआत रणा गांव के मेलार्थियों ने की। मेलार्थी नगाड़े-निसाणों के साथ हुडके और चिमटे की थाप में झोड़ा गायन करते हुए मंदिर पहुंचे। उसके बाद भगवान शिव की अराधना की गई। वहीं जै नंदा लोक कला मंच अल्मोड़ा के कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। चन्द्रशेखर पुजारी के संचालन में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आदर्श इंटर कॉलेज सुरईखेत, प्राथा विमाण्डेश्वर, राप्राचि विठोली, सिमलगांव आदि के बच्चों ने नंदा राजजात यात्रा, कुमाउनी, गढ़वाली, झोड़े आदि गीतों से मेलार्थियों की तालियां बंटोरी। वहीं, अतिथियों ने भी पुरस्कार देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

बिखोती के रात्री मेले में पहुंचेंगे मेलार्थी

द्वाराहाट। बिखोती मेले में देर रात में नगाड़े-निसाणों के साथ मेलार्थी पहुंचेंगे। जिसमें रणा, सिमलगांव, बेढूली, बनोली, वलना, छतगुल्ला, बसेरा, असगोली, सलना, बूंगा, गवाड़, कोटिला सहित दर्जनों गांवों के मेलार्थियों की पहुंचने की उम्मीद है।

ये रहे मौजूदः बिखोती मेले के शुभारंभ पर पर विधायक मदन सिंह बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख दीपक किरौला, मेला समिति अध्यक्ष रमेश पुजारी, गिरीश चौधरी, ज्येष्ठ प्रमुख नंदिता भट्ट, नारायण रावत, हेम रावत, सुमित साह, अनिल चौधरी, केपीएस अधिकारी आदि मौजूद रहे।

सृजन संस्था ने की काव्य गोष्ठी

द्वाराहाट। स्याल्दे-बिखोती के अवसर पर नगर पंचायत सभागार में साहित्य, कला व संस्कृति पर आधारित सृजन संस्था ने काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। संस्था के अध्यक्ष रमेश चन्द्र पंत की अध्यक्षता में ओम प्रकाश हर्बोला, शंकर दत्त तिवारी, मोहन चन्द्र जोशी, गिरीश मठपाल, प्रकाश जोशी, लोकेश जोशी, गंगा दत्त त्रिपाठी, बाल प्रहरी के उदय किरौला, जमुना प्रसाद तिवारी, केपीएस अधिकारी, अनिल चौधरी आदि ने समसामयिक व मानवीय मूल्यों पर आधारित काव्य रचनाएं प्रस्तुत कीं।

आज होंगे ये कार्यक्रम

स्याल्दे-बिखोती मेले के दूसरे दिन न्यौज्यूला धड़े के मेलार्थी बटपूजे मेले का हिस्सा बन सायं चार बजे ओड़ा भेंटने की रस्म अदा करेंगे। इसके अलावा शीतलापुष्कर मैदान में रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यक्रमों से कलाकार समा बांधेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### सद्गुरु ही हैं ब्रह्मज्ञान देने वाले:साध्वी अदिति

देहरादून। साध्वी विदुषी अदिति भारती कहा है कि संसार के समस्त संबंधों में श्रेष्ठ संबंध गुरू और शिष्य का होता है। शास्त्रों में पूर्ण गुरू की सर्वश्रेष्ठ महिमा को गाते हुए ही कहा गया- गुरूर ब्रह्मा गुरूर विष्णु गुरूर देवो महेश्वरः, गुरूर साक्षात परब्रह्म तस्मै गुरूवे नमः। ब्रह्मज्ञान रूपी परमविद्या के प्रदाता परमगुरू को ही महासरस्वती स्वरूप कहा गया है। रेसकोर्स में चल रही दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की भागवत कथा में उन्होंने कहा कि ब्रह्मज्ञान ही सर्वश्रेष्ठ विद्या है जिसे जान लेने के बाद फिर कुछ भी जानना शेष नहीं बचता है। कार्यक्रम का शुभारम्भ भजनों से हुआ। जय-जय राधा रमण हरि बोल.., चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.., मेरी मइया का द्वारा, लगे सबको प्यारा.., इत्यादि भजनों से खूब समां बंधा। साध्वी रूचिका भारती ने भजनों की मिमांसा की। मौके पर अशोक कुमार लाम्बा, भारत भूषण शर्मा, विरेन्द्र चौधरी, बीडी सेमवाल, राजेश सेठी, राजेन्द्र गोयल मौजूद रहे।

### आयुष मिस्टर और माही मिस एसजीआरआर बनीं

देहरादून। गुरु राम राय स्कूल बिंदाल में गुरुवार को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस दौरान आयुष भट्ट को मिस्टर और माही को मिस एसजीआरआर चुना गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रिंसिपल भावना उपमन्यु व अन्य ने दीप प्रज्जवलित कर की। इसके बाद छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान 2022-23 सत्र में शत प्रतिशत उपस्थिति वाली अंजलि एवं कशिश विश्वकर्मा को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर चारों सदनों के श्रेष्ठतम विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। रैंप वॉक के बाद अवनि कुकरेती को स्पार्क व गगनप्रीत को स्पार्क के पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में हैड गर्ल माही, हैड ब्वाय आयुष,प्रांचल मिश्रा, कृतिका, मो. साहिल आदि मौजूद रहे।

### 508 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी दबोचा

देहरादून। रायपुर थाना पुलिस ने 508 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार किया है। बरामद चरस की कीमत पुलिस ने करीब ढाई लाख रुपये बताई है। आरोपी से कुछ अन्य नशा तस्करों के बारे में भी जानकारी मिली। जिनकी तलाश की जा रही है। रायपुर थानाध्यक्ष कुंदन राम ने बताया कि नशे के आदी लोगों की लगातार काउंसिलिंग की जा रही है। उसके जरिए नशा तस्करों की जानकारी जुटाकर उनकी निगरानी हो रही है। इसके तहत सूचना मिली कि मिर्जापुर, यूपी से एक तस्कर चरस लेकर दून आ रहा है। उन्होंने बताया कि बुधवार देर रात शांति विहार, तिराहे के पास से आरोपी सत्तार पुत्र मेहंदी हसन निवासी मिर्जापुर जिला सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया। उससे पुलिस ने चरस बरामद की। इसे लेकर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

### जमीन बेचने का झांसा देकर 33 लाख ठगे, केस दर्ज

देहरादून। फर्जी एग्रीमेट के आधार पर जमीन बेचने का झांसा देकर 33 लाख रुपये ठग लिए गए। मामले में कोर्ट के आदेश पर क्लेमनटाउन थाना पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। एसओ क्लेमनटाउन शिशुपाल राणा ने बताया कि इंद्रेश कुमार निवासी टर्नर रोड कोर्ट में अपील की। कहा कि जमीन बेचने के नाम पर 33 लाख की धोखाधड़ी हुई। बताया कि उनकी साजिद निवासी मित्तल कॉलोनी माजरा हाल निवासी यशग्रीन अपार्टमेंट शिमला बाई पास चौक से जान पहचान थी।

# यात्रा मार्ग की सेहत जांचने मैदान में उतरे स्वास्थ्य सचिव डॉ आर. राजेश कुमार





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

श्रीनगर , 14 अप्रैल , चारधाम यात्रा के शुरू होने से ठीक पहले प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव और अनुभवी आई ए एस अफसर डॉ आर.राजेश कुमार ने मोर्चा सम्हालते हुए मैदान में उतरने और ग्राउंड रियलिटी जांचने का फैसला किया है। देहरादून से उनका काफिला बद्रीनाथ की तरफ निकला है जिसके रास्ते में वो हर यात्रा मार्ग के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की जाँच करेंगे। इसी मकसद से जब उनका कारवाँ श्रीनगर पहुंचा तो स्वास्थ्य कर्मी भी मुस्तैद नज़र आये।

यात्रा के मुख्य पड़ाव श्रीनगर में स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारियों को लेकर स्वास्थ्य सचिव डॉ आर.राजेश कुमार ने उप जिला चिकित्सालय श्रीनगर और बेस चिकित्सालय श्रीकोट में स्थापित हेल्थ एटीएम का निरीक्षण किया । हेल्थ एटीएम के सुचारू रूप से संचालन हेतु चिकित्सालय प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उन्होंने यात्रियों की सुविधा के लिए हेल्थ एटीएम पर एक टेक्निकल व्यक्ति तैनात रखने हेतु निर्देशित किया ।

स्वास्थ्य सचिव द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी पौड़ी को पूरी तैयारियों के साथ यात्रा व्यवस्थाओं में पैरामेडिकल स्टाफ को मुस्तैदी से कार्य करने हेतु निर्देश दिए गए उन्होंने बताया कि यात्रा रूट पर गढ़वाल मंडल में चिन्हित विभिन्न चिकित्सा इकाइयों में सीएसआर के अंतर्गत हेवलेट पेकर्ड इंटरप्राइजेज द्वारा 50 हेल्थ एटीएम स्वास्थ्य स्क्रीनिंग हेतु स्थापित किए गए हैं हेल्थ एटीएम पर ब्लड प्रेशर, शुगर,शरीर का तापमान,ऑक्सीजन की मात्रा, बॉडी फैट, इंडेक्स,डिहाईड्रेशन, पल्स रेट सहित 70 निशुल्क जांचें की जाएंगी।

स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि यात्रा रूट पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारा जा रहा है,और आने वाले समय में हेल्थ एटीएम की संख्या बढ़ाई जाएगी ।इसके साथ ही इसके साथ ही उनके द्वारा जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी को जनपद पौड़ी के अंतर्गत आने वाले यात्रा रूट पर टीम बनाकर विभिन्न होटलों ढाबों व रेस्तरां में खाद्य पदार्थों की सघन चेकिंग अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ सी.एम. एस. रावत, चिकित्सा अधीक्षक डॉ गोविंद पुजारी,डॉ सुरेश कोठियाल व चिकित्सालय स्टाफ मौजूद रहा।

## भाजपा के रक्तदान शिवर में 16 यूनिट रक्त एकत्रित

ऋषिकेश। भाजपा के सामाजिक समरसता एवं न्याय सप्ताह के तहत संगठन के अल्पसंख्यक मोर्चा और जिला युवा मोर्चा की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 16 लोग रक्तदान के लिए आए। गुरुवार को डोईवाला में गुरुद्वारा लंगर हॉल में आयोजित शिविर का शुभारंभ पूर्व राज्य मंत्री करण सिंह वोहरा ने किया। अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष सतीश सिंह ने कहा कि रक्तदान से कई लोगों की जिंदगी बच सकती है। परिवर्तन चैरिटेबल ब्लड सेंटर ऋषिकेश के डॉ. संदीप चौधरी और डॉ. दीपा चौधरी के नेतृत्व में रक्तदाताओं का पंजीकरण कर मेडिकल जांच की गई। मौक पर भाजपा नेता राजेंद्र तडियाल, नरेंद्र सिंह, अवतार सिंह सैनी, सुबोध नौटियाल, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष डॉ बी एस सोढ़ी, महामंत्री रविंद्र बेलवाल, मीडिया प्रभारी भारत गुप्ता, जिला ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष चंद्रभान पाल, जिला ओबीसी मोर्चा महामंत्री लक्ष्मी गुरुंग, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नितिन कोठारी, पुरुषोत्तम डोभाल,सुरेंद्र लोधी,सुरेश सैनी,मंगल रौथान, विक्रम सिंह, तरसेम सिंह, महेंद्र सिंह, भूपेंद्र राणा, लखविंदर सिंह आदि मौजूद रहे

## आंबेडकर जयंती पर होगी गोष्ठी

पौड़ी। प्रादेशिक शिल्पकार कल्याण समिति द्वारा आंबेडकर जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को आंबेडकर जयंती पर पुराने जिला पंचायत सभागार में बाबा साहेब के विचारो, समाज उत्थान में योगदान, विचार गोष्ठी, नवांकुर नाटय समूह द्वारा उनकी जीवनी पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## महिला से लूट करने वाले चार दोस्त गिरफ्तार

हरिद्वार। सिडकुल थाना क्षेत्र के नवोदय नगर स्थित किराए का कमरा देखने के बहाने महिला से सोने के आभूषण लूटने वाले चार बदमाशों औरंगाबाद से योगग्राम रोड से सिडकुल पुलिस ने घर दबोचा। बदमाशों के पास से महिला से लूटे गए सोने के आभूषण और देसी तमंचा भी बरामद किया हैं। मेडिकल जांच के बाद उन्हें कोर्ट से जेल भेज दिया है। बीते दिनों पीड़ित महिला बबीता की शिकायत पर पुलिस ने 2 अज्ञात बदमाशों के खिलाफ घर में घुसकर किराए का कमरा देखने के बहाने गले से सोने की चेन कान के झुमके पायल लूट, और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था। गुरुवार को सिडकुल पुलिस औरंगाबाद-योग ग्राम रास्ते पर गश्त कर रही थी। इस दौरान दो युवक सामने से आते दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों को रुकने का इशारा किया। लेकिन वह भागने लगे। कुछ दूरी पर जाकर उन्हें पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में दोनों ने महिला के साथ लूट की घटना स्वीकार कर ली। पूछताछ में बताया कि उसके दो साथी भी इस घटना में शामिल थे। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह तनवार ने बताया कि शुभम पुत्र सुरेश पाल और अजय पुत्र राकेश, आशीष उर्फ छोटा पुत्र रविन्द्र उर्फ खब्बा निवासीगण धनौरा थाना दोघट जिला बागपत यूपी, अनुज कश्यप पुत्र राजवीर उर्फ राजू निवासी कोतवाली रोड बुढाना मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर लिया है सोने की चेन चांदी की पायल 5300 रुपए नगद, एक देसी तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस मिला है।

## हरक सिंह का हरिद्वार पहुंचने पर स्वागत

हरिद्वार। पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत अखिल भारतीय सनातन परिषद के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री कार्यालय में पहुंचे। जहां परिषद के पदाधिकारियों ने भव्य रूप से स्वागत किया। सनातन पटका और मां मनसा देवी का चित्र भेंट कर उन्हें सम्मानित भी किया गया। उन्होंने सनातन परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत ने अखिल भारतीय सनातन परिषद के संस्थापक अध्यक्ष महंत रविंद्रपुरी महाराज के संरक्षण में चल रहे कार्यों को लेकर हर्ष जताया। कहा कि सनातन धर्म के प्रचार प्रसार और मजबूती प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय सनातन परिषद प्रशंसनीय कार्य कर रही है। आगे भी परिषद अपनी स्थापना के उद्देश्यों को पूरा करने में सफल होगी। उन्होंने कहा कि सभी को साथ रहकर देश के साथ विश्व में सनातन धर्म के महत्व को दिखाना होगा।

## बेस और उप जिला अस्पताल में लगाई हेल्थ एटीएम मशीन

श्रीनगर गढ़वाल। चारधाम यात्रा के मुख्य पड़ाव स्थित अस्पतालों में हेल्थ एटीएम मशीन स्थापित किये जाने के तहत गुरुवार को बेस चिकित्सालय श्रीकोट व उप जिला अस्पताल श्रीनगर में हेल्थ एटीएम स्थापित की गई। जिसका शुभारंभ चिकित्सा सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा रूट पर 50 से अधिक हेल्थ एटीएम लगाए जाएंगे। बेस चिकित्सालय में पहुंचे स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने कहा कि हेल्थ एटीएम से यात्री एवं अन्य मरीज आसानी से हेल्थ संबंधी विभिन्न टेस्ट आसानी से कर सकते हैं। उक्त हेल्थ एटीएम स्थापित होने से लोगों को अपने हेल्थ संबंधी जांच की सुविधा निःशुल्क दी जा रही है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज प्रशासन को हेल्थ एटीएम मशीन के संदर्भ में प्रचार-प्रचार करने तथा डिस्प्ले करने के निर्देश भी दिए। जिससे यात्रियों को इसकी जानकारी मिल सके। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से हेल्थ के क्षेत्र में यह अच्छी शुरुआत की गई। इससे निश्चित ही यात्रियों को बेहतर सेवा प्रदान होगी। इस मौके पर सीएमओ डॉ. प्रवीन कुमार, एनेस्थिसिया विभाग के एचओडी डॉ. अजेय विक्रम, इमरजेंसी विभाग के प्रभारी डॉ. ललित पाठक, एमआरडी प्रभारी अनिल उनियाल, पीआरओ अरूण बडोनी, संदीप पंवार, मनमोहन सिंह, पंकज रावत आदि मौजूद रहे।

## डकैती करने वाले आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

हरिद्वार। सिडकुल की फाइन ऑटोमेटिक कंपनी में डकैती करने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की है। आरोपियों ने कंपनी के सिक्योरिटी गार्डों को तमंचे की नोंक पर बंधक बनाकर मारपीट के बाद हुई चालीस लाख रुपये के एलुमिनियम की डकैती को अंजाम दिया था। कंपनी में हुई डकैती का खुलासा पुलिस ने 12 घंटे में ही कर दिया था। पुलिस ने बदमाशों द्वारा चुराया गया एलुमिनियम कबाड़ी के गोदाम से बरामद गया था।

## संक्षप्ति खबरें

### थापली चौरास में गैस सिलेंडर लीक होने से लगी आग, दो मजदूर झुलसे

श्रीनगर गढ़वाल। थाना कोतवाली कीर्तिनगर के अंतर्गत थापली चौरास में गैस सिलेंडर लीक होने से घर के अंदर आग लग गई। जिसमें बिहार निवासी दो मजदूर झुलस गए। दोनों घायलों का बेस अस्पताल में उपचार चल रहा है। गैस लीकेज से धमाका इतना तेज हुआ कि कमरे की दीवार टूट गई। कोतवाली निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि आजाद निवासी झिलझिल जिला किशनगंज और मुज्जमिल निवासी सोनथा जिला किशनगंज (बिहार) कीर्तिनगर क्षेत्र में मजदूरी का काम करते हैं। वह चौरास थापली में किराये के भवन में रहते हैं। गुरुवार सुबह लगभग सात बजे आजाद ने चावल पकाने के लिए जैसे ही लाइटर जलाया वैसे ही ही कमरे में आग की लपटें उठ गई। आग इतनी तेज थी कि धमाके के साथ कमरे की दीवार टूट गई। सूचना मिलते ही विधायक विनोद कंडारी, तहसीलदार सुनील राज, कोतवाल कमल मोहन भंडारी ने मौका मुआयना किया। कोतवाल भंडारी ने बताया कि आजाद के चेहरे, हाथ और कंधे झुलस गए। जबकि मुज्जमिल का मुंह झुलसा है। दोनों को उपचार हेतु बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की स्थिति सामान्य है। कहा ऐसा लग रहा है कि रात भर सिलेंडर से गैस लीक होती रही और कमरों में भर गई। जब सुबह लाइटर का स्पार्क किया होगा, तो गैस ने आग पकड़ ली। कहा घटना की जांच की जा रही है। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किरन सिलवाल, उत्तम भंडारी, भवन स्वामी जगदीश सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

### राज्य आंदोलकारी भंडारी को किया याद


श्रीनगर गढ़वाल। राज्य आंदोलनकारी और पूर्व छात्र संघ सह सचिव रणजीत भंडारी की पुण्यतिथि पर श्रीकोट अस्पताल गेट के पास उनकी मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर वक्ताओं ने उनके योगदान पर विचार व्यक्त किये। इस मौके पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष प्रभाकर बाबुलकर, व्यापार सभा के नरेश नौटियाल, मनवर सिंह भंडारी, धीरेन्द्र सिंह भंडारी, सीमा भंडारी, विवेक भंडारी, कवि देवेंद्र उनियाल, मुकेश सेमवाल, संजय घिल्डियाल आदि मौजूद रहे।

### संकाय सदस्य ही छात्रों को ज्ञान और कौशल सिखाते: प्रो. अवस्थी

श्रीनगर गढ़वाल। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, उत्तराखंड में ओवर कम चैलेंजेज एंड अकंपलिश गोल्स फ्रॉम ए स्ट्रेंथ पर्सपेक्टिव विषय पर दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एनआईटी के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने कहा उच्च तकनीकी शिक्षा के किसी भी संस्थान के पास सबसे महत्वपूर्ण संसाधन उसके संकाय सदस्य होते हैं जो छात्रों को ज्ञान और कौशल सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि संकाय सदस्यो द्वारा शिक्षा प्रणाली के विकास के लिए जोड़ा गया मूल्य, शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र की सफलता की कुंजी है। इस मौके पर मुख्य वक्ता कवैलियन्स, इंडिया के एग्जीक्यूटिव वाईस प्रेसीडेंट नरिंदर अहलुवालिया ने अपने व्याख्यान में संकाय सदस्यों के साथ सामथ्र्य परिप्रेक्ष्य पर चर्चा करते हुए कहा कि यह एक दृष्टिकोण है जो वास्तविक रूप से स्थितियों को देखता है और समस्या या चिंता पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय विपरीत मौजूदा शक्तियों और क्षमताओं को पूरक और समर्थन करने के अवसरों की तलाश करता है। कहा कि हर व्यक्ति के अंदर एक विलक्षण प्रतिभा होती है, आवश्यकता है उसे पहचानने की और पुरे शिद्दत और जूनून के साथ उस पर काम करने की। इस मौके पर एनआईटी के प्रभारी कुलसचिव डा. धर्मेंद्र त्रिपाठी, डीन फैकल्टी वेलफेयर डा. हरिहरन मुथुसामी, डीन प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डा. जीएस बरार, डीन रिसर्च एंड कंसल्टेंसी डा. सनत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# CARD लिंक करने के नाम पर हुई ठगी, पौड़ी पुलिस ने कराई ठगी गई धनराशि वापस






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी 13 अप्रैल : SSP पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देशन में साइबर ठगी के शिकार हुए 03 व्यक्तियों के खाते में वापस करायी गयी ₹1,39,000/- की धनराशि। वर्तमान समय में साइबर ठगों द्वारा आमजनों को फोन कॉल (बिजली कनेक्शन काटने, इंश्योरेंस पॉलिसी कराने आदि के नाम पर), ई-मेल, लिंक भेजकर एवं सोशल साइट्स (फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि) पर भिन्न-भिन्न प्रकार के लुभावने ऑफरों के लालच दिया जा रहा है जिनमें से कई व्यक्ति लालच में आकर साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं। इसी प्रकार के तीन मामलों की शिकायत जनपद की साइबर सेल कोटद्वार प्राप्त हुयी।

***Case*** 1 - दिनाँक 30.01.2023 को आवेदन डॉ महेन्द्र पाल सिंह, अपर कालाबढ, थाना कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा Pan card को aadhar card से लिंक करने के नाम पर ₹1,58,875/- की ऑनलाइन ठगी की गयी है।

***Case*** 2-दिनांक- 08.03.2023 को आवेदन स्पर्श प्रजापति, निवासी कमल बुक डिपो नियर मार्केट चर्च रोड, कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदन के साथ ₹10,000/- की धनराशि की ऑनलाइन ठगी की गयी है।

***Case*** 3-दिनांक 27.02.2023 को आवेदिका ममता जायसवाल, निवासी पदमपुर मोटाढाक,कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल द्वारा एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदिका के साथ ₹30.000/- की धनराशि ऑनलाइन ठगी की गयी है।उपरोक्त प्रकरणों का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी महोदया श्रीमती श्वेता चौबे द्वारा संज्ञान लेकर जनपद की साइबर सेल को उक्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिसके क्रम में शिकायतकर्ता डॉ0 महेन्द्र पाल सिंह के ₹99,000/-, स्पर्श प्रजापति के ₹10,000/- एवं ममता असवाल के साथ हुयी ₹30,000/- की ऑनलाइन ठगी के सम्बन्ध में जनपद की साइबर सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये नियमानुसार सम्बन्धित पेमेंट गेटवे / बैंक नोडल से पत्राचार कर उपरोक्त व्यक्तियों की धनराशि को उनके खातों में वापस करायी गयी। जो कि आवेदकों के खातों में प्राप्त हो चुकी है। जिसके सम्बन्ध में आवेदकों द्वारा पौड़ी पुलिस का धन्यवाद किया गया।

**पौड़ी पुलिस की आम जनमानस से अपीलः-** किसी अज्ञात व्यक्ति के कॉल और मैसेज से सावधान रहें। किसी को भी अपना Password, OTP, CVV शेयर ना करें। अंजान लिंक, ऑनलाइन जॉब्स आफर से सम्बन्धित लिंक पर क्लिक ना करें।अंजान QR Code स्कैन ना करें। जागरूक बनें एवं अन्य व्यक्तियों को भी जागरूक करें।यदि कोई भी व्यक्ति ठगी का शिकार होता है तो तत्काल नजदीकी थाना एवं साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें।

# देहरादून में डराने लगा कोरोना, निजी स्कूलों में गाइडलाइन जारी







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 14 अप्रैल : उत्तराखंड में कोरोना फिर से पैर पसार रहा है। कोरोना के बढ़ते केसों को देखते हुए निजी स्कूल अलर्ट मोड पर आ गए हैं और निजी स्कूलों में मास्क व थर्मल स्क्रीनिंग अनिवार्य कर दी गई है। निजी स्कूलों में अब बच्चों को मास्क और सैनिटाइजर का उपयोग अनिवार्य कर दिया है। निजी स्कूलों के सबसे बड़े संगठन प्रिंसिपल प्रोगेसिव स्कूल्स एसोसिएशन (पीपीएसए) ने स्कूलों को कोरोना गाइडलाइन जारी की है। राजधानी देहरादून में पिछले कुछ समय से कोरोना के केस फिर बढ़ने लगे हैं। ऐसे में कोरोना को लेकर सावधानी बरती जानी आवश्यक है। इसलिए पीपीएसए के पदाधिकारियों की बैठक में ये तय किया गया कि लापरवाही न बरतते हुए सभी स्कूलों को कोरोना को लेकर सतर्कता अभी से शुरू कर देनी चाहिए। इसमें थर्मल स्क्रीनिंग, मास्क, सेनेटाइजर सहित तमाम निर्देश दिए हैं। पीपीएसए अध्यक्ष डॉ. प्रेम कश्यप ने कहा कि देहरादून में कोरोना के बढ़ते हुए केसों को देखते हुए स्कूलों ने लापरवाही न करते हुए सावधानी बरतना शुरू कर दिया है। सभी स्कूलों को कोरोना गाइडलाइन जारी कर दी गई है। जिसमें थर्मल स्क्रीनिंग,मास्क व सेनेटाइजर आदि अनिवार्य किए गए हैं। बता दें कि बीते दिन उत्तराखंड में कोरोना के 71 नए मरीज मिले। राज्य में एक्टिव मरीजों की संख्या 147 हो गई है।

# उत्तराखंड में निकली असिस्टेंट शिक्षकों की भर्ती

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नैनीताल 14 अप्रैल : शिक्षक बनकर सरकारी स्कूल में सेवा देने का सपना देख रहे युवा ध्यान दें। इस सपने को पूरा करने का वक्त आ गया है।कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा, नैनीताल ने प्राथमिक सहायक अध्यापक (विशेष शिक्षा) के पदों पर भर्ती निकाली है। भर्ती के लिए योग्यता क्या मांगी गई है और आवेदन कैसे करना होगा, पहले पदों की संख्या के बारे में जान लेते हैं। वैकेंसी कुल 32 पदों के लिए निकाली गई है। जिसमें 7 पद एसटी, 4 पद ओबीसी, 3 ईडब्ल्यूएस, 1 दिव्यांग के लिए आरक्षित हैं। अन्य वर्गों के लिए 16 पदों पर भर्ती निकली है। जो युवा CTET व TET पास हैं, वो इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। सैलरी भी बताते हैं। चयनित उम्मीदवारों को 35400-112400 (लेवल-6) का वेतनमान मिलेगा। आवेदन कैसे करना है, ये भी नोट कर लें। असिस्टेंट टीचर की भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन नहीं किया जा सकता, इस भर्ती के लिए डाक से आवेदन भेजना होगा। जो कि कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा, नैनीताल के पते पर भेजना है। आवेदन 2 मई शाम 5 बजे तक ही स्वीकार किए जाएंगे। अगर आप भी रिक्त पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो देर न करें। तैयारी शुरू कर दें, डॉक्टूमेंट्स रेडी रखें।



# स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई के लिए 72 घंटे का अल्टीमेटम

न्यूज वायरस नेटवर्क

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) ने अभिभावकों से मनमानी कर रहे स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई के लिए शिक्षा विभाग को 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। पार्टी ने विभाग के सामने 10 बिंदु रखे, इनपर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन को चेताया है। उक्रांद कार्यकर्ता गुरुवार को शिक्षा महानिदेशालय कार्यालय पहुंचे और निजी स्कूल के खिलाफ नारेबाजी की। पार्टी के केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिवप्रसाद सेमवाल ने कहा कि इस वर्ष भी सत्र शुरू होते ही निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिवावकों को लूटने का काम किया जा रहा है। नए एडमिशन, स्कूल यूनिफार्म, किताबों के नाम पर अभिभावकों से मनमाना शुल्क वसूला जा रहा है। यूकेडी के केंद्रीय प्रवक्ता अनुपम खत्री ने कहा कि निजी स्कूल ट्यूशन फीस के नाम पर बेतहाशा बढ़ोत्तरी कर दी है। रि-रजिस्ट्रेशन और अन्य दरों के नाम पर भी इनका वसूली कार्यक्रम जारी है। मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष उत्तरा पंत बहुगुणा, राजेंद्र पंत, सुलोचना ईष्टवाल, मीना थपलियाल, मधु सेमवाल, संजय कुमार, गोविंद सिंह अधिकारी, दयानंद बजरंगी, राजेंद्र गुसाईं, सुरेंद्र यादव आदि मौजूद थे।




उक्रांद की दस मांगे

- अनैतिक कार्य करने वाले स्कूलों की चिन्हित करें।
- रि- रजिस्ट्रेशन के नाम पर वसूला गया धन अभिभावकों को वापस दिलाएं।
- कक्षाओं के अनुसार ट्यूशन फीस की दर विभाग तय करे।
- स्कूल नोटिस बोर्ड पर तय दरों को चस्पा किया जाए।
- ट्यूशन फीस में देरी पर स्कूल छात्रों का परिणाम पत्र नहीं दे रहे। ऐसे स्कूलों पर कार्रवाई हो।
- निजी स्कूलों में अध्यापकों की शैक्षिक योग्यता की जांच की जाए।
- जिन विद्यालयों का भवन और परिसर नियम अनुसार नहीं है उनको बंद किया जाए।
- स्कूलों के वार्षिक शुल्क कि दर एक सामान हो। उसकी सीमा तय की जाए।
- एनसीईआरटी के अंतर्गत जारी पाठ्यक्रम की पुनः समीक्षा की जाए।
- निजी विद्यालय की ओर से पाठ्यक्रम और स्कूल यूनिफार्म बिक्री के तरीके पर रोक लगाई जाए।

## चमोली में भालू का आतंक, 4 मवेशियों को मारा

चमोली। गोपेश्वर। दशोली ब्लॉक के रांगतोली गांव में भालू के आतंक से लोग परेशान हैं। भालू ने गोशाला तोडकर 4 मवेशियों को मार डाला है। जिससे पूरे क्षेत्र में एक बार फिर से भालू की दहशत फैल गई है। बुधवार रात को रांगतोली गांव में भालू ने अलग अलग 4 गोशालाओं को तोडकर मवेशियों पर हमला कर दिया जिनमें से दो बैल, 2 गाय की मौत हो चुकी है। स्थानीय निवासी संदीप सिंह ने बताया कि गांव के प्रकाश, डब्बल सिंह, और दुलप सिंह पडियार की गोशाला में भालू ने भारी नुकसान पहुंचाया है और 4 मवेशियों को मार डाला है। ग्रामीणों द्वारा पूर्व में वन विभाग को मामले में सूचित किया गया था लेकिन वन विभाग द्वारा भालू को लेकर गंभीरता नहीं बरती गई, उनका कहना है वन विभाग के कर्मी क्षेत्र में निगरानी करने जरूर आते हैं और चले जाते हैं लेकिन न तो जाला लगाया गया है न रात को सायरन की व्यवस्था की गई। भालू के बढ़ते हमलों से स्कूली बच्चों और काश्तकारों की जान को भी खतरा बना हुआ है। लोगों ने जल्द भालू को पकडने की मांग वन विभाग से की है।

## संपादकीय



### हमारी फसलों के सम्मान का पर्व है सतुआनी

बैसाखी को रबी की फसल की कटाई शुरू होने की खुशी के रूप में मनाया जाता है. इस दिन से गेहूं, तिलहन, गन्ने आदि की फसल की कटाई शुरू हो जाती है. बिहार, झारखंड और पूर्वांचल में मनाया जाने वाला पर्व सतुआनी एक विशेष खाद्य पदार्थ की महत्ता को लेकर मनाया जाने वाला पर्व है. सत्तू यानी अनाज को भूनने के बाद पीस कर बनाया गया खाद्य पदार्थ. इस दिन सत्तू और आम को विभिन्न रूपों में खाने की परंपरा है. इसका कारण है कि इसी महीने में गेहूं-जौ-चना आदि अनाज खेतों से हमारे घरों में आते हैं. इस माह के दौरान आम के टिकोले भी पेड़ों पर आ गये होते हैं. इसी वजह से कोई सत्तू और आम की चटनी का स्वाद लेता है, तो कोई सत्तू के पराठे और आम से बने आमगुरे का आनंद लेता है. मिथिला क्षेत्र में यह दिन जुड़शीतल के रूप में मनाया जाता है. यह मैथिली पंचांग का पहला दिन होता है. इस दिन परिवार के सदस्यों को सत्तू, जौ और अन्य अनाजों से प्राप्त आटे का भोजन कराया जाता है. आज के दिन गंगा या किसी नदी में स्नान के बाद सत्तू का भोग लगा और पूजा कर लोग इस त्योहार को मनाते हैं. सत्तू का इतिहास भी काफी पुराना है. महर्षि पाणिनि की अष्टाध्यायी के साथ पाली साहित्य में सत्तू के बारे में काफी कुछ बताया गया है. जातक कथाओं में शामिल सतभस्त जातक में बताया गया है कि सत्तू भगवान बुद्ध के समय भी खाया जाता था. एक और जातक कथा कुम्मासपिंड जातक में बताया गया है कि सत्तू को कुल्मास भी कहा जाता था. यह कम आय वाले लोगों का महत्वपूर्ण आहार था. पाणिनी की पुस्तक अष्टाध्यायी के अनुसार, सबसे पहले सत्तू चावल को भून कर बनाया गया था, जिसे उन्होंने उदमंथ संबोधित किया है. पाणिनी के मुताबिक, लोग सत्तू को पानी में मिला कर खाया करते थे. आज भी गर्मी के मौसम में सत्तू के सेवन की परंपरा है. कोई सत्तू को शरबत बनाकर पीता है, तो कोई उसका स्वादिष्ट व्यंजन बना कर खाता है. सत्तू को इतना पसंद किये जाने के पीछे का कारण केवल इसका स्वाद नहीं है, बल्कि सेहत से जुड़े कई अनमोल लाभ भी हैं. गर्मी के मौसम में सूरज सुबह से ही अपनी रौ में रहते हैं. सो इस मौसम के लिए हल्के और सुपाच्य खाद्य पदार्थ की आवश्यकता होती है. सत्तू ऐसा खाद्य पदार्थ होता है जिसे संपूर्ण आहार माना जाता है. चने का सत्तू गर्मी में पेट की बीमारी और तापमान को नियंत्रित रखने में मदद करता है. सत्तू में फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, स्टार्च और अन्य खनिज पदार्थ पाये जाते हैं. यदि आप चने के सत्तू को पानी, काला नमक और नींबू के साथ घोलकर पीते हैं, तो यह आपके पाचन तंत्र के लिए काफी लाभदायक होता है. इतना ही नहीं, गर्मी में इसका सेवन पेट को ठंडा रखता है. चने के सत्तू के साथ जौ, मूंग और सोया मिला लेने से यह सेहत के लिए कहीं अधिक लाभदायक हो जाता है. सत्तू में रक्त साफ करने का गुण भी होता है, सो इसके सेवन से खून की गड़बड़ियां दूर होती हैं. वैसे तो आप सत्तू को ठोस और तरल, दोनों रूपों में ले सकते हैं. पर यदि आप खाने के शौकीन हैं, तो सत्तू से कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजन भी बना सकते हैं. जैसे सत्तू की कचौड़ी, सत्तू का पराठा, सत्तू का लड्डू, नमकीन या मीठी शरबत. तो चलिए, खेती-किसानी और स्वास्थ्य से जुड़े इन पर्वों को पूरे उत्साह से मनाते हैं.

दैनिक न्यूज़ वायरस

संपादक : मो.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक : आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मो.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002 RNI No. : UTTHIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## करियर प्लेसमेंट ड्राइव में 10 छात्र-छात्राओं का चयन

रुद्रप्रयाग। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में पहली बार करियर प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। दो दिनों तक चले इस प्लेसमेण्ट ड्राइव में 10 छात्र-छात्राओं का चयन आईसीआईसीआई बैंक के रिलेशनशिप मैनेजर के लिए हुआ। जिन्हें प्राचार्य द्वारा ऑफर लेटर दिए गए। पहली बार हुए इस प्लेसमेण्ट ड्राइव में हालांकि एक ही कम्पनी आई। फिर भी कालेज प्रशासन द्वारा की गई इस अभिनव पहल का छात्र छात्राओं ने भी बढ़ चढ़कर स्वागत किया और 70 से अधिक छात्रों ने इसके लिए परीक्षा दी। जबकि कालेज प्रशासन इसका अधिक प्रचार प्रसार नहीं कर पाया था। अभी तक केवल व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों या कालेजों में ही प्लेसमेण्ट ड्राइव का आयोजन होता रहा है। करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ के तत्वावधान में करियर प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। जिसमें गुडगांव की ट्रेनिंग एजेंसी एनआईआईटी के माध्यम से आईसीआईसीआई बैंक में उत्तराखण्ड राज्य में रिलेशनशिप मैनेजर के लिए भर्ती की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो पुष्पा नेगी ने कालेज की कारियर काउन्सलिंग प्रकोष्ट की इस पहल का स्वागत करते हुए चयनित छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी महाविद्यालय के लिए रोल मॉडल बनेंगे।

उन्होंने एनआईआईटी के नार्थ हेड, रीजनल हेड और दोनों सहायक प्रबंधकों के प्रति आभार प्रकट किया। करियर काउंसलिंग सेल के संयोजक डॉ. विष्णु कुमार शर्मा, डॉ. दलीप सिंह बिष्ट, ने बताया कि जॉब के लिए चयन तीन स्क्रीनिंग चरणों में हुआ। जिसमें जिसमें स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर कक्षा के उन विद्यार्थियों जिनकी उम्र 19- 25 वर्ष तक के 70 से अधिक छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा 10 का चयन किया गया। पहले चरण में इंग्लिश कॉम्प्रिहेंसिव टेस्ट लिया गया। दूसरे चरण में साइकोमेट्रिक तथा अंतिम चरण में साक्षात्कार और डॉक्यूमेंट चेक किया गया। चयनित प्रतिभागी अभिनव भट्ट, मेघा सजवाण, सरिता, विवेक चंद, अंकिता, अक्षिता, प्रकाश लाल, दीप्ति नेगी, आंचल नेगी, पूनम को प्राचार्य प्रो. पुष्पा नेगी, प्लेसमेंट ड्राइव के कोर्डिनेटर डॉ. जितेन्द्र सिंह और चयनकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से ऑफर लेटर प्रदान किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### केदारनाथ ट्रैक्टर से सामान पहुंचा रहे विरमल

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ पैदल मार्ग पर ट्रैक्टर चलाकर भारी सामान ले जाना एक जोखिमभरा ही नहीं बल्कि साहसिक काम भी है। नेपाल निवासी विरमल शाही गौरीकुंड से करीब 10 से 15 कुंतल का भारी सामान ट्रैक्टर से केदारनाथ धाम पहुंचा रहे हैं। विरमल हालांकि केदारनाथ धाम और पैदल मार्ग में आपदा के बाद से ही काम कर रहे हैं, किंतु अब वह यहां की हर परिस्थिति में ढलते हुए इस साहसिक काम को कर रहे हैं। नेपाल निवासी विरमल शाही केदारनाथ आपदा के बाद वर्ष 2014 में केदारनाथ आए। तब नेहरु पर्वतारोहण संस्थान द्वारा किए जा रहे पुनर्निर्माण के कार्यों में उन्होंने बतौर मजदूर काम किया। कड़ाके की ठंड में अथक मेहनत करते रहे। घोड़ा-खच्चर, डंडी कंडी चलाने के साथ ही सामान और यात्री पहुंचाने का काम भी किया। वर्ष 2018 में विरमल शाही जो अब गणेश शाही के नाम भी मशहूर है उन्होंने केदारनाथ आस्था पथ निर्माण में पत्थर लगाने का काम किया। विरमल अब बी क्लास के ठेकेदार बन गए हैं और केदारनाथ पुनर्निर्माण में लगी अनेक कार्यदायी संस्थाओं का भारी सामान ट्रैक्टर से केदारनाथ धाम पहुंचा रहे हैं। विरमल शाही ने बताया कि वह 2014 से केदारनाथ में कार्य कर रहे हैं। पहली बार उन्होंने 2014 में ट्रैक्टर चलाया और धीरे-धीरे इस में महारथ हासिल की। वर्तमान में विरमल के पास अपना स्वयं का ट्रैक्टर है जिससे वह एक दिन में 10 से 15 कुंतल सामान करीब 10 घंटे में केदारनाथ पहुंचा रहे हैं। वह उसी दिन वापस भी लौटने की हिम्मत रखते हैं। उन्होंने बताया कि वह जेसीबी बोकेट, बिजली ट्रांसफार्मर, 90 किलो के लोहे के पाइप, पानी के पाइप सहित कई भारी सामान को केदारनाथ पहुंचा रहे हैं। इधर, वुड स्टोन के प्रभारी मनोज सेमवाल ने बताया कि विरमल को ट्रैक्टर चलाने का काफी अनुभव है।

### केय इलेवन बना अण्डर 19 विजेता

रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग जिला क्रिकेट एसोसियेशन द्वारा आयोजित तृतीय अण्डर 19 जिला क्रिकेट लीग का विजेता कार्तिकेय इलेवन बना। फाइनल में उसने रोमांचक मैच में त्रियुगी इलेवन को 6 रन से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कार्तिकेय ने 40 ओवर में सभी विकेट खोकर 258 रन बनाए। मैच के शुरुआत में ही त्रियुगी के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 17 ओवर में 77 रन पर 6 विकेट ले लिए थे, किंतु इसके बाद नितिन नेगी (94) एवं आदित्य रौतेला (79) ने 154 रन की साझेदारी कर त्रियुगी के गेंदबाजों के छक्के छुड़ा दिए। इनके आउट होने के बाद थोड़ी देर में पूरी टीम आउट हो गई। त्रियुगी की ओर से सुधाकर और अरविन्द ने दो-दो विकेट लिए। 259 रनों का पाछा करते हुए ख्रियुगी की टीम ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 144 रन बना लिये थे। प्रियांशु ने 85 तथा यशस्वी ने 33 रने बनाये। इसके बाद सारांश ही थोड़ा बहुत संघर्ष कर पाये। फिर भी मैच के अन्तिम समय तक टीम जीत के लिए कढ़ा संघर्ष करती रही। परन्तु पूरी टीम 40 वें ओवर में 252 रन पर आउट हो गई। जबकि कार्तिकेय के गेंदबाजों ने दिशाहीन गेंदबाजी करते हुए 54 अतिरिक्त रनों का तोहफा दे दिया था। कार्तिकेय की ओर से मोहित एवं प्रिंस ने दो दो विकेट लिए। मैन ऑफ दि मैच नितिन नेगी को मिला। इससे पूर्व मुख्य अतिथि एसोसियेशन के पूर्व अध्यक्ष योगेन्द्र बाजपेई द्वारा टीम का परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारम्भ किया गया। विजेता टीमों को पुरूस्कार वितरित करते हुए मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को बधाई देते हुए निरन्त अभ्यास एवं कठोर अनुशासन से भविष्य में सफल होने की नसीहत दी। जबकि उपविजेता टीम को हार से सबक लेकर आगे बढने की नसीहत दी। एसोसियेशन के अध्यक्ष कमलेश जमलोकी ने आगन्तुक अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि अण्डर 19 में ट्रायल कम लीग आधार पर यह मैच कराये गये थे। ट्रायल के आधार पांच टीमों का गठन कर उनके बीच लीग मैच कराये गये। जिससे खिलाडियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए अधिक अवसर प्राप्त हो सकें। लीग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार अर्पित सिंह, सर्वश्रेष्ठ बॉलर धीरज कपरवाण, सर्वश्रेष्ठ बैटर प्रियांशु पंवार, सर्वश्रेष्ठ कीपर कार्तिक राणा को मिला। लीग में सोम भट्ट, सुमित, अंकुश, गिरीश ने अम्पयर तथा विपिन एवं किशन ने स्कोरर की भूमिका निभाई। इस अवसर पर एसोसियेशन के कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र राणा, व्यापार संघ अध्यक्ष नवीन बिष्ट, सदस्य प्रशान्त बिष्ट, हरीश गुसाईं, दीपक रावत, मनवर सिंह, अरविन्द पंवार आदि मौजूद थे।

### ऊखीमठ से 21 को रवाना होगी बाबा केदार की डोली

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ यात्रा की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। आगामी 25 अप्रैल को प्रातः 6 बजकर 20 मिनट पर केदारनाथ मंदिर के कपाट तीर्थयात्रियों के दर्शनार्थ खोले जाएंगे। केदारनाथ-बदरीनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि 20 अप्रैल का ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में सायं कालीन आरती के बाद पूर्व परंपरा के अनुसार श्री भैरवनाथ की पूजा-अर्चना की जाएगी। जबकि 21 अप्रैल को भगवान केदारनाथ की उत्सव डोली ओंकारेश्वर मंदिर से प्रस्थान कर रात्रि विश्राम के लिए विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी पहुंचेगी। इसके बाद 22 अप्रैल को रात्रि विश्राम हेतु फाटा पहुंचेगी। 23 अप्रैल को रात्रि विश्राम के लिए डोली गौरीमाई मंदिर मंदिर गौरीकुंड तथा 24 अप्रैल को रात्रि विश्राम के लिए केदारनाथ धाम पहुंचेगी। जहां 25 अप्रैल को सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर वैदिक मंत्रोचारणों के साथ केदारनाथ मंदिर के कपाट भक्तों के दर्शनार्थ खोले जाएंगे।

### केदारनाथ यात्रा के लिए बिजली की आपूर्ति बेहतर की

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ यात्रा के लिए इस बार ऊर्जा निगम ने अपनी तैयारियां काफी हद तक पूरी कर ली है। हालांकि यात्रा शुरू होने तक और भी अच्छी व्यवस्था करने का दावा विभाग कर रहा है किंतु धाम में बिजली आपूर्ति को बेहतर कर दिया गया है। बता दें कि इस साल शीतकाल में भी ऊर्जा निगम द्वारा केदारनाथ धाम में आपूर्ति बहाल रही, केदारनाथ में ऐसा कम ही देखा गया है कि शीतकाल में भी यहां आपूर्ति बहाल रहे।

### सीएम को ज्ञापन भेज की पुरानी पेंशन बहाली की मांग

नई टिहरी। पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के आह्वान मोर्चा से जुड़े कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सीएम को ज्ञापन प्रेषित किया। उन्होंने प्रदेश सरकार से कर्मचारियों के हित में जल्द पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की। गुरवार को पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजीव उनियाल ने कहा कि कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर समय-समय पर सरकार को ज्ञापन, गेट मीटिंग, कार्य बहिष्कार, सांकेतिक धरना प्रदर्शन सहित अन्य माध्यमों से अवगत करवाने का काम किया, बावजूद सरकार कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन बहाली पर कोई निर्णय नहीं ले पा रही हैं। कहा उक्त मुद्दे पर कर्मचारी एक मई को दिल्ली संसद मार्च करेंगे। प्रदेश कार्यकारणी के आह्वान पर जिला और ब्लॉक मुख्यालयों में भी आंदोलन को तेज किया जाएगा। चंबा ब्लॉक के अध्यक्ष मुकेश डोभाल ने कहा कि कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली की लंबे समय से मांग करते आ रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी एक सूत्रीय मांग का निराकरण नहीं कर पा रही हैं। कहा आगामी चुनावों में कर्मचारी तभी सरकार के पक्ष होंगे जब उनके मुद्दे का समाधान होगा।

# सीएम धामी ने किया भ्रष्टाचार के खिलाफ जन जागरूकता फैलाने हेतु तैयार किये गये वीडियो गीत "नकर-नकर भ्रष्टाचार, सख्त हैरे यो सरकार" गीत का विमोचन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ जन जागरूकता फैलाये जाने हेतु तैयार किये गये वीडियो गीत ''नकर-नकर भ्रष्टाचार, सख्त हैरे यो सरकार'' गीत का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस गीत के माध्यम से सरकार द्वारा सुशासन की दिशा में किये जा रहे कार्यों को दिखाने का शानदार प्रयास किया गया है। सरकार द्वारा भ्रष्टाचारियों पर की जा रही कार्रवाई के प्रति जन जागरूकता फैलाने का अच्छा प्रयास गीत के माध्यम से किया गया है। इस गीत में सरकार द्वारा भ्रष्टाचार और नकल के विरूद्ध अपनाये जा रहे सख्त रूख एवं जीरो टॉलरेंस की नीति को प्रदर्शित किया गया है। यह गीत गीतकार एवं गायक भूपेन्द्र बसेड़ा द्वारा क्षेत्रीय मिश्रित भाषा का उपयोग कर तैयार किया गया है। इस वीडियो गीत में मुख्य किरदार ओम तरोनी तथा सु उर्वशी शाह द्वारा भूमिका निभायी गयी है तथा संगीत विक्की जुयाल द्वारा दिया गया है। इस अवसर पर विधायक मोहन सिंह मेहरा, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, एमडी पिटकुल पी0सी0 ध्यानी, ललित जोशी, राजेन्द्र चौधरी, देवेन्द्र बिष्ट आदि उपस्थित थे।




# जिला योजना में पर्यटन की योजनाएं संचालित की जाए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी। जिला योजना के समिति के सदस्यों और विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न कार्यों को लेकर अपनी-अपनी बात रखी। बैठक में डीएम ने सभी अधिकारियों को समिति के सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए।

इस दौरान समिति के सदस्यों ने ब्लाक प्रमुख बीरोंखाल राजेश कंडारी, एकेश्वर नीरज पांथरी ने पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ाने को लेकर योजनाएं संचालित करने की मांग उठाई। ब्लॉक प्रमुख पौड़ी दीपक कुकशाल ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि पिछली जिला योजना में उनके दिए गए प्रस्तावों पर कोई विचार नहीं किया गया। कहा कि इस बार उनके प्रस्ताव शामिल नहीं किए जाने पर कड़ा विरोध किया जाएगा। गुरुवार को विकास भवन सभागार में जिला योजना की बैठक में डीएम डा.आशीष चौहान ने देनदारी शेष रहने वाले कार्यों की रिपोर्ट 2 दिन के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीएम ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष के लिए 111 करोड़ का आवंटन हुआ है जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में 88 करोड़ आवंटन हुआ था। इस वर्ष जिला योजना में 26 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, ब्लाक प्रमुख द्वारीखाल महेंद्र राणा, जयहरीखाल दीपक भंडारी, पोखड़ा प्रीति देवी, जिला पंचायत सदस्य गौरव रावत, डीएफओ गढ़वाल स्वपनिल अरिरुद्ध, डीडीओ पुष्पेंद्र सिंह चौहान, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने, अधिशासी अभियंता प्रांतिय खंड डीके नौटियाल, निर्माणखंड धन सिंह कुटियाल, क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार आदि शामिल थे।

हर महीने 10 फीसदी की होगी कटौती

पौड़ी। जिला योजना के अंतर्गत बजट को हर हाल में इस महीने के अंत तक पूरा किया जाना होगा। जिला अर्थ एवं साख्याधिकारी राम सलोने ने बताया कि शासन के आदेशों के अनुसार इस महीने तक जिला योजना की अंतिम रिपोर्ट तैयार नहीं होने पर हर महीने बजट से 10 फीसदी की कटौती की जाएगी।

## पौड़ी में शांतिपूर्वक मनाए त्योहार

पौड़ी। थाना सतपुली में थानाध्यक्ष लाखन सिंह की अध्यक्षता में ईद उल फितर, बैसाखी और आंबेडकर जयंती को शांतिपूर्वक मनाने को लेकर गुरुवार को व्यापारियों व नगरवासियों बैठक आयोजित की गयी। बैठक में थानाध्यक्ष सतपुली ने सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील मौजूद ग्रामीणों से की। उन्होंने कहा कि सभी लोग आपसी मेलजोल और भाईचारे के साथ त्योहारों को मनाया जाए । साथ ही कहा कि किसी नगर में आपसी सौहार्द बिगाडने वालो पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में भाजपा नेता वेद प्रकाश वर्मा, व्यापारी मोहम्मद हनीफ, प्रवीन रावत, सत्यनारायण वेदी, प्रेम सिंह रावत आदि शामिल थे।

## गैरसैंण में स्वास्थ्य शिविर लगाया

चमोली। भाजपा युवा मोर्चा ने गैरसैंण में सामाजिक न्याय सप्ताह के तहत गैरसैंण में करियर काउंसिलिंग और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष महावीर सिंह रावत ने बताया कि स्कूलों में आयोजित काउंसिलिंग में बच्चों ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक देवेंद्र सिंह मिंगवाल, रामचंद्र गौड़, दिनेश गौड़, खिलाफ सिंह, कस्तूरा देवी, यशवंत सिंह आदि मौजूद थे।

## पशु क्रूरता हुई तो अफसर करें कठोर कार्रवाई: मौलखी

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम की यात्रा में पशुओं के साथ किसी भी तरह की क्रूरता न हो, इसके लिए पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे की अध्यक्षता में दो दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई । जिसमें पीपुल्स फॉर एनिमल्स पशु कल्याण संगठन की सदस्य गौरी मौलखी ने अफसरों को पशु क्रूरता ऐक्ट की व्यापक जानकारी दी। साथ ही किसी भी तरह की पशु क्रूरता होने पर कठोर कार्रवाई करने को कहा। विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने कहा अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि केदारनाथ यात्रा मार्ग में संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों के साथ किसी प्रकार की कोई क्रूरता न हो। इस पर कड़ी निगरानी रखी जाए। किसी घोड़े-खच्चर के साथ किसी भी तरह की क्रूरता की जाती है तो, संबंधित घोड़े-खच्चर स्वामी एवं संचालक के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम में त्वरित कार्रवाई की जाए। कार्यशाला में पीपुल्स फॉर एनिमल्स पशु कल्याण संगठन की सदस्य गौरी मौलखी ने कहा कि केदारनाथ धाम की यात्रा गर्व की बात है।

# तुंगनाथ में जलवायु परिवर्तन एवं पर्यटन स्थल संरक्षण पर मंथन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। महाविद्यालय नागनाथ पोखरी में भारत जी 20 व्याख्यान श्रृंखला में भूगोल विभाग द्वारा भौगोलिक भ्रमण में हिमालय शिखर तुंगनाथ में जलवायु परिवर्तन एवं पर्यटन स्थल संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला स्थल तुंगनाथ 3680 मीटर एवं चन्द्रशिला 4000 मीटर ऊंचाई पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के तथ्यों का अध्ययन एवं नमूने एकत्र किये गये। कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता प्राचार्य प्रोफेसर पंकज पंत शामिल हुए। उन्होंने तुंगनाथ पर्यटन स्थल में जलवायु परिवर्तन के परिपेक्ष्य में यहाँ के भौगोलिक स्वरूप, संसाधनों के नवीनीकरण, अनवीनीकरण संसाधनों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने हिमानी, परिहिमानी, बाझ, बुराश बुग्याल पर जलवायु प्रभाव तथा बुराश की चार किस्म बैंगनी, सफेद, लाल तथा गुलाबी पर ऊंचाई एवं जलवायु प्रभाव को समझाया। हिमनद अवशेष के रूप में तुंगनाथ के निचले ढाल को दिखाकर हिमनद के अवशेष तथा स्थलखण्ड अक्ष की प्रमाणिकता एक स्थान पर बड़े बोल्डरों को ढाल एवं गुरुत्वाकर्षण शक्ति पर अपना व्याख्यान दिया। पर्यावरण संरक्षण के साथ ही मोनाल स्थली पर इस जी 20 कार्यशाला के आयोजन पर भूगोल विभाग की सराहना की। असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. राजेश भट्ट ने पर्यटक स्थल संरक्षण पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि धार्मिक स्थल उत्तराखण्ड के पर्यटक स्थलों की सुरक्षा कर रहें हैं। हिमालय में धार्मिक एवं पर्यटक स्थल एक साथ होने पर व्यक्ति धार्मिक भावनाओं के कारण प्रकृति को दैवीय स्वरूप मान रहा है एवं माना जाना चाहिए जो कि पर्यटक स्थल संरक्षण हेतु अनुकूल है। तुंगनाथ में भू-स्खलन तथा गली अपरदन एवं बुग्याल मार्ग प्रवेश निषेध पर वन विभाग के प्रयास की सराहना की तथा व्याख्यान में बताया कि हिमालयी पर्यटक स्थलों में वन विभाग एवं कार्मिक की अहम भूमिका है। सहायक प्राध्यापक डॉ. उपेन्द्र सिंह चौहान द्वारा तुंगनाथ एवं चन्द्रशिला तथा चोपता में विभिन्न नमूनों मिट्टी, लकड़ी, बुरांश चैल के नमूनों का अध्ययन हेतु संकल्न किया गया तथा सहभागियों को भ्रमण के दौरान भौगोलिक तथ्यों की जानकारी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### सचिवालय राइजिंग और वॉरियर्स सेमीफाइनल में पहुंचे

देहरादून। अंतर सचिवालय टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में सचिवालय राइजिंग और सचिवालय वॉरियर्स ने शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना दी है। देहरादून में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में गुरवार को क्वार्टर फाइनल के मुकाबले खेले गए। पहला मैच सचिवालय वॉरियर्स और सचिवालय हरिकेन के बीच हुआ। वॉरियर ने पहले खेलते हुए आठ विकेट के नुकसान पर 184 रन बनाए। इसमें अजीत ने 99 और प्रमोद ने 30 रन का योगदान दिया। अनुज चमोली और फाजिल ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सचिवालय हरिकेन छह विकेट के नुकसान पर 183 रन ही बना सकी और एक रन से हार गयी। मैन ऑफ द मैच अजीत और फाइटर ऑफ द मैच आशीष को दिया गया। दूसरा क्वार्टर फाइनल सचिवालय बुल्स और सचिवालय राइजिंग के बीच खेला गया। बुल्स पहले खेलते हुए 12.3 ओवरों में 90 रनों पर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सचिवालय राइजिंग की टीम ने लक्ष्य 11.5 ओवरों में पूरा कर लिया। सौरभ ने 24 और शैलेंद्र ने 22 रन बनाए। शैलेंद्र राणा को मैन ऑफ द मैच और सिकंदर को फाइटर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

### पेन-इंडिया स्कूल भानियवाला में मनाया बैसाखी पर्व

ऋषिकेश। पेन-इंडिया स्कूल, भानियावाला में संचालित सीएससी बाल विद्यालय में बैसाखी का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिक्षिकाओं ने स्कूल को बैसाखी की थीम से सजाया। स्कूल में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इसमें बैसाखी की थीम पर क्राफ्ट, ड्राइंग एक्टिविटी कराई गई। बच्चों ने पंजाबी गानों पर डांस कर खूब रंग जमाया। पेन-इंडिया फाउंडेशन (पीआईएफ) के संरक्षक डॉ. प्रकाश केशवया ने कहा कि यह पर्व प्रकृति के प्रति आभार जताने के साथ-साथ हमें एकता और मानवता के साथ रहने का संदेश देता है। पीआईएफ के संस्थापक अनूप रावत व संतोष बुड़ाकोटी ने कहा कि पेन-इंडिया स्कूल का फोकस का बच्चों को गुणवत्तापरक एक्टिविटी बेस्ड एजुकेशन देना है। इस दौरान स्कूल की शिक्षिकाएं ऋतु शर्मा, दीपालिका नेगी, दीपाली तोपवाल, निर्मला गुसाईं, राज और सहायिका रेखा आदि मौजूद रहे।

### नर्सिंग शिक्षा मापन और मूल्यांकन विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन

ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सिंग शिक्षा मापन और मूल्यांकन विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के वित्तीय सहयोग से आयोजित सम्मेलन में देशभर से आए विषय विशेषज्ञों ने व्याख्यान माला प्रस्तुत की। उन्हें शिक्षा में उपयोगी विभिन्न नई तकनीकों की जानकारी दी गई। गुरुवार को सम्मेलन का शुभारंभ एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह और डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर जया चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में उत्तराखंड नर्सिंग काउंसिल के रजिस्ट्रार प्रोफेसर आरके शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रोफेसर आरके शर्मा ने उम्मीद जताई कि सम्मेलन में प्रतिभाग करने वाले विशेषज्ञों के व्याख्यान में बताई गई बातों व अनुभवों को अपने संस्थानों में लागू करेंगे। प्रोफेसर मीनू सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि विद्यार्थियों के प्रदर्शन का सही और निष्पक्ष तरीके से आकलन करना बहुत आवश्यक है। डीन एकेडमिक्स प्रो. जया चतुर्वेदी ने शिक्षा में उपयोग की जाने वाली विभिन्न नई तकनीकों का उदाहरण दिया। प्राचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग प्रोफेसर स्मृति अरोड़ा ने कहा कि नर्सिंग विषय पर आधारित इस विशेष कार्यक्रम से इस पेशे से जुड़े लोगों व विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। नर्सिंग सम्मेलन में प्रख्यात वक्ताओं में एम्स नई दिल्ली की प्रिंसिपल प्रोफेसर लता वेंकटेशन, एम्स भोपाल की प्रिंसिपल डॉ. ममता वर्मा, एम्स कल्याणी की प्रिंसिपल प्रो. पूनम जोशी, चितकारा यूनिवर्सिटी की प्रिंसिपल प्रो. हरमीत कौर कांग, पीजीआई चंडीगढ़ की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मंजू, जिपमर पुडुचेरी की सहायक प्रो. डॉ. लक्ष्मी राममूर्ति आदि शामिल रहे। कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज की सहायक प्रोफेसर रुचिका रानी समेत कई फैकल्टी सदस्य मौजूद रहे।

### सरकारी अस्पताल के दो डॉक्टर कोरोना पॉजिटिव

ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश में कोरोना ने पांव पसारने शुरू कर दिए हैं। सरकारी अस्पताल के दो डॉक्टर कोरोना की चपेट में आए हैं। संक्रमण का फैलाव रोकने के लिए, अस्पताल प्रशासन ने दोनों डाक्टरों को सात दिन के लिए होम क्वारंटाइन कर दिया है।अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीके चंदोला ने बताया कि अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. मनोज रौतेला और एनेस्थेटिक्स डॉ. पंकज शर्मा को तीन-चार दिन पहले खांसी, जुकाम और बुखार की शिकायत हुई थी। कोरोना की आशंका में दोनों डाक्टरों का आरटीपीसीआर किया गया। सैंपल जांच के लिए दून मेडिकल कॉलेज में भेजा गया। दोनों की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि एहतियातन संक्रमित डाक्टरों को सात दिन के लिए होम क्वारंटाइन किया है। दोनों की हालत सामान्य है।

### गायों की दुर्दशा पर कांग्रेस का प्रदर्शन

ऋषिकेश। श्रीकृष्ण धाम गोशाला में चारे के अभाव में भूख से तड़पती गायों को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील में प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें गायों के चारे-पानी की व्यवस्था कराने की मांग की गई। कहा कि भाजपा सरकार अपने दायित्व से मुंह फेर रही है। गुरुवार को जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल के साथ कार्यकर्ता भानियावाला स्थित श्रीकृष्ण धाम गोशाला पहुंचे। उन्होंने गोशाला में गायों की हालत का जायजा लेते हुए संचालक आशु अरोड़ा से बातचीत की। कांग्रेसियों ने कहा कि गोशाला का उद्घाटन दो साल पहले हुआ था। फिलहाल गोशाला में करीब 700 गाय हैं। चारा-पानी और कर्मचारी का महीने का खर्च 25 लाख रुपये है। मगर गाय छोड़ने वाले संबंधित निकायें महज पांच लाख रुपये ही उपलब्ध करा रहे हैं। कहा कि कोर्ट ने आदेश पर गोशालाओं की जिम्मेदारी ग्राम सभाओं और नगर निकायों की बताई है, इसमें बिजली-पानी सरकार की ओर से मुफ्त दिया जाना है, मगर आदेश का पालन नहीं किया जा रहा। कहा कि कि पूर्व में नगरपालिका मुनिकीरेती और नगर निगम ऋषिकेश से अनुबंध होने के बाद भी चारे व उपचार के लिए धनराशि समय से नहीं दी गई, इसके चलते गायों की हालत बदतर हो रही है। मौके पर भारत भूषण कौशल, रणजीत सिंह, सुनील दत्त, अजय रावत आदि मौजूद रहे।

### चारधाम यात्रा पर सबसे पहले कुलदीप की टैक्सी जाएगी

ऋषिकेश। चार धाम यात्रा के मद्देनजर गढ़वाल मंडल टैक्सी चालक एवं मालिक एसोसिएशन ऋषिकेश में यात्रा में संचालित टैक्सी वाहनों की लॉटरी निकाली गई। लॉटरी की पहली पर्ची टैक्सी मालिक कुलदीप राठौर के वाहन की निकली। सबसे पहले कुलदीप की टैक्सी यात्रा पर जाएगी। गुरुवार को हरिद्वार रोड स्थित एसोसिएशन कार्यालय में पंडित अनुसूया प्रसाद कुकरेती ने विधि विधान से पूजा अर्चना और मंत्रोच्चारण कर सुगम और दुर्घटना रहित यात्रा की मंगल कामना की। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष विजयपाल सिंह रावत ने घड़े से यात्रा की प्रथम लॉटरी निकाली। बताया कि कुल 180 टैक्सियों को लॉटरी में शामिल किया गया।